संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं।



24 अप्रैल : क्रिकेट सचिन तेंदुलकर का जन्मदिन

पूर्णिया ,शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com | डेली डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 03 , अंक 011

# लोकतंत्र का महापर्व : पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रिकॉर्ड मतदान

## पहले चरण में बंगाल 91.40% और तमिलनाडु में 84.35% वोटिंग; बंगाल मे छिटपुट हिंसा, जबकि तमिलनाडु में शांतिपूर्ण मतदान




**देश के दो बड़े राज्यों में लोकतंत्र का उत्सव**

| | |
|---|---|
| पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रिकॉर्ड मतदान, | भीषण गर्मी के बावजूद वोटिंग प्रतिशत ने पुराने रिकॉर्ड तोड़े |
| ----- रिकॉर्ड वोटिंग----- | |
| पश्चिम बंगाल: 91.40% | तमिलनाडु: 84.35% |
| ----- चुनावी दायरा----- | |
| बंगाल: 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान | तमिलनाडु: सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में वोटिंग |
| ----- मतदाता और उम्मीदवार----- | |
| बंगाल: करीब 3.6 करोड़ मतदाता, 1478 उम्मीदवार | तमिलनाडु: 5.73 करोड़+ मतदाता, 4023 उम्मीदवार |
| ----- मुख्य मुकाबला----- | |
| बंगाल: ममता बनर्जी की TMC बनाम BJP | तमिलनाडु: DMK-कांग्रेस बनाम AIADMK-BJP |




**नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई,** (हि.स.)। देश के दो बड़े राज्यों पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में गुरुवार को लोकतंत्र का उत्सव अभूतपूर्व उत्साह के साथ देखने को मिला। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण और तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर हुए मतदान में रिकॉर्ड भागीदारी दर्ज की गई। चुनाव आयोग के अनुसार बंगाल में 91.40 प्रतिशत और तमिलनाडु में 84.35 प्रतिशत मतदान हुआ। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के बावजूद मतदाताओं की लंबी कतारें पूरे दिन लोकतंत्र में आस्था का प्रमाण देती रहीं। जहां बंगाल में कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाएं हुईं, वहीं तमिलनाडु में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। अब नजरें 4 मई को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं।

**कड़ी सुरक्षा के बावजूद हिंसा की छिटपुट घटनाएं :**

इस चरण को देखते हुए चुनाव आयोग ने अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की थी। पूरे राज्य में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 2407 कंपनियां तैनात की गईं। संवेदनशील बूथों पर ड्रोन निगरानी, फ्लाइंग स्क्वॉड और विशेष पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई।इसके बावजूद कुछ इलाकों में तनाव देखने को मिला। दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा प्रत्याशी पर हमले का आरोप लगा। बीरभूम के लाभपुर में भाजपा एजेंट घायल हुआ, जबकि खैराशोल में ईवीएम खराबी के बाद पथराव और पुलिस वाहन में तोड़फोड़ हुई, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी घायल हो गया।मुर्शिदाबाद के नाओदा में हुमायूं कबीर के काफिले पर हमला हुआ। कूचबिहार, आसनसोल और सिलीगुड़ी में भी फर्जी मतदान और बूथ प्रभावित करने की शिकायतें सामने आईं।

**बंगाल में 16 जिलों की 152 सीटों पर जबरदस्त मतदान**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान हुआ, जिसमें कुल 1478 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। इस चरण में दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, बीरभूम, पश्चिम बर्धमान, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर और पूर्व मेदिनीपुर जैसे विविध भौगोलिक क्षेत्रों में मतदान हुआ।

करीब 3.6 करोड़ मतदाताओं के लिए 44,376 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें 5644 बूथ पूरी तरह महिला कर्मियों द्वारा संचालित किए गए, जबकि 207 मतदान केंद्रों को मॉडल बूथ के रूप में विकसित किया गया।

दक्षिण दिनाजपुर 93.12% मतदान के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि कालिम्पोंग में सबसे कम 81.98% मतदान दर्ज हुआ।

**तमिलनाडु में 234 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान, 4023 उम्मीदवार मैदान में**

तमिलनाडु विधानसभा की सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में मतदान संपन्न हुआ। राज्य में 5.73 करोड़ से अधिक मतदाता हैं और कुल 4023 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जो मतदाता शाम 6 बजे तक कतार में शामिल हो गया, उसे देर रात तक भी मतदान की अनुमति दी गई।

राज्य में 84.35% मतदान दर्ज किया गया, जो उच्च भागीदारी को दर्शाता है।

**गठबंधन बनाम गठबंधन, तीसरे मोर्चे से मुकाबला रोचक**

तमिलनाडु में मुख्य मुकाबला डीएमके-कांग्रेस गठबंधन और एआईएडीएमके-भाजपा गठबंधन के बीच है।

डीएमके ने 164 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, 70 सीटें सहयोगियों को दीं एआईएडीएमके ने 169 सीटों पर चुनाव लड़ा, 65 सीटें सहयोगियों के लिए छोड़ीं, जिनमें भाजपा को 27 सीटें मिलीं

इसके अलावा अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके) ने सभी 234 सीटों पर उम्मीदवार उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया। 2021 के चुनाव में डीएमके गठबंधन ने 159 सीटें जीतकर सत्ता हासिल की थी, जबकि एआईएडीएमके गठबंधन को 75 सीटें मिली थीं।

**दिग्गज नेताओं और सितारों ने किया मतदान**

राज्य में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन और विपक्ष के नेता एडप्पाडी के. पलानीस्वामी सहित कई दिग्गजों ने मतदान किया।

फिल्म जगत से रजनीकांत, कमल हासन, अजित कुमार, धनुष और श्रुति हासन ने मतदान कर लोगों को प्रेरित किया। क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन भी मतदान केंद्र पर नजर आए।

भीषण गर्मी, सुरक्षा चुनौतियों और स्थानीय तनाव के बावजूद जिस तरह मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान किया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत में लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि जनभागीदारी का जीवंत उत्सव है—जहां हर वोट की अपनी ताकत है।

**अब 29 अप्रैल और 4 मई पर नजरें :** पश्चिम बंगाल में दूसरे और अंतिम चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। तमिलनाडु में चुनाव एक ही चरण में पूरा हो चुका है। दोनों राज्यों के नतीजे 4 मई को घोषित होंगे, जो तय करेंगे कि सत्ता किसके हाथ जाएगी।

# बंगाल में बंपर मतदान पर ममता बनर्जी ने कहा - अधिकार बचाने की लड़ाई में लोग घरों से निकले

**कोलकाता,** (हि.स.)।

■ **ममता ने भाजपा पर एनआरसी और परिसीमन के जरिए राजनीति बदलने का आरोप लगाया।**

--------------

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण में भारी मतदान को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे जनता की जागरूकता और अधिकारों की रक्षा से जुड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि लोग अपने भविष्य और पहचान की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में मतदान कर रहे हैं।



**"अधिकार बचाने की लड़ाई" से जोड़ा मतदान :** चौरंगी क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता का नहीं, बल्कि लोगों के अधिकार बचाने की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए थे, जिन्हें कानूनी प्रयासों के बाद फिर से जोड़ा गया।

**मतदान को लोकतांत्रिक चेतना बताया :** ममता बनर्जी ने कहा कि जनता लोकतंत्र को कमजोर करने वाली किसी भी कोशिश का जवाब मतदान के जरिए दे रही है। उन्होंने रिकॉर्ड मतदान को लोगों की राजनीतिक जागरूकता और लोकतांत्रिक भागीदारी का प्रतीक बताया और कहा कि अंतिम निर्णय जनता ही करती है।

**भाजपा पर तीखा हमला**

मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि एनआरसी और परिसीमन जैसे मुद्दों के जरिए राजनीतिक समीकरण बदलने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोग इन संभावित खतरों को समझ रहे हैं और इसलिए मतदान में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं।

# बंगाल में अमित शाह का ममता सरकार पर निशाना, बोले- ममता को टाटा-बाय बाय करो

**कोलकाता,** (हि.स.)।

कोलकाता में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, कटमनी और सिंडिकेट राज चरम पर है। शाह ने दावा किया कि 5 मई के बाद बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और "दीदी का शासन समाप्त हो जाएगा।"



**कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा पर जोर:** पुरशुरा की रैली में अमित शाह ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर अपराधियों और गुंडों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शाह ने महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि नई सरकार में कोई भी महिला रात के किसी भी समय सुरक्षित बाहर निकल सकेगी और किसी को डरने की जरूरत नहीं होगी।

**किसानों और आलू उत्पादकों के लिए वादा:** अमित शाह ने पुरशुरा क्षेत्र के आलू किसानों की समस्याओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों के कारण किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार बनने पर आलू भंडारण, बीज उत्पादन केंद्र और बेहतर विपणन व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी।

**घुसपैठ और राजनीतिक हिंसा का आरोप :** गृह मंत्री ने घुसपैठ के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया और कहा कि भाजपा सरकार बनने पर अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर राजनीतिक हिंसा को संरक्षण देने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले करने वालों को जेल भेजा जाएगा

# तमिलनाडु : मतदाताओं का स्वागत करने वाले 'रोबोट' ने खींचा लोगों का ध्यान

**वेल्लोर,** (हि.स.)। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मतदान केंद्रों पर पहुंच कर अपनी बारी का इंतजार करते देखे जा रहे हैं।

इसी क्रम में, वेल्लोर ज़िले के गुडियात्तम में बनाए गए एक मतदान केंद्र ने खास ध्यान आकर्षित किया है। यहां मतदाताओं के स्वागत के लिए दावणी (पारंपरिक पोशाक) पहने एक 'महिला रोबोट' को लगाया गया है, जो हाथ में गुलाब के फूल लेकर तमिल भाषा में मधुर स्वर में मतदाताओं का स्वागत कर रही है। इस 'पिंक बूथ' (महिला कर्मियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र) में की गई इस अनोखी पहल को देखने के लिए लोग उत्साहित नजर आए। कई लोगों ने रोबोट के साथ तस्वीरें खिंचवाई।इसी तरह वेल्लोर के एक स्कूल में बने मतदान केंद्र पर भी मतदाताओं के स्वागत के लिए रोबोट की व्यवस्था की गई है।इसके अलावा, कोयंबटूर में भी चुनाव आयोग ने मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विशेष पहल की है। कोयंबटूर के गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज में बनाए गए एक मॉडल मतदान केंद्र पर 'टीना' (Tina) नाम की एक रोबोट को तैनात किया गया है। यह रोबोट मतदाताओं को चॉकलेट और फूल देकर स्वागत करती है और स्पीकर के माध्यम से मतदान के लिए लाए जाने वाले जरूरी दस्तावेज, मतदान केंद्र पर उपलब्ध नागरिक सुविधाओं और मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देती है।चुनाव आयोग की इस पहल को लोगों के बीच अच्छा प्रभाव देखने को मिला है और इससे मतदान के प्रति उत्साह और बढ़ा है। अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के नवाचारों का उद्देश्य चुनाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है।



## सामसी में मतदान के दौरान हृदयाघात से महिला मतदाता की मौत

**मालदा,** (हि.स.)। लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने निकली एक महिला मतदाता की मौत ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। मालतीपुर विधानसभा के कांडारण इलाके में गुरुवार को वोट देने पहुंची प्रमिला बागदी (47) की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। परिवार के अनुसार, प्रमिला बागदी सुबह करीब 11 बजे वोट डालने के उत्साह के साथ घर से निकली थी। कांडारण जूनियर हाई स्कूल स्थित 152 नंबर बूथ पर पहुंचने के बाद, वोट डालने से पहले ही उन्हें अचानक चक्कर आया और वे गिर पड़ी। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें इलाज के लिए सामसी अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मृतका के घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। कांग्रेस उम्मीदवार मौसमी बेनजीर नूर और तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अब्दुर रहीम बक्सी ने भी शोक व्यक्त किया।



संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

**छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं।**



24 अप्रैल : क्रिकेट सचिन तेंदुलकर का जन्मदिन

पूर्णिया ,शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com | डेली डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 03 , अंक 011

## भारत-ब्रिटेन वार्षिक रणनीतिक संवाद में रक्षा एवं रणनीतिक सहयोग पर चर्चा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत और ब्रिटेन के बीच आयोजित वार्षिक रणनीतिक संवाद में दोनों देशों ने रक्षा, सुरक्षा और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर व्यापक विचार-विमर्श किया। इस बैठक की मेजबानी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने की, जिसमें उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन पॉवेल भी शामिल हुए।



**रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा :** बैठक में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में आपसी सहयोग को और गहरा करने की आवश्यकता है, जिससे दोनों देशों के रणनीतिक हितों को मजबूती मिल सके।

**रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा :** दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को विस्तार देने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। इसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, तकनीकी सहयोग और रक्षा उत्पादन में साझेदारी जैसे विषय प्रमुख रहे। इस दौरान सुरक्षा ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने पर भी विचार साझा किए गए।

> **01 :** क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों, खासकर इंडो-पैसिफिक और आतंकवाद पर विचार-विमर्श हुआ।
>
> **02 :** भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और कूटनीतिक समन्वय बढ़ाने पर सहमति बनी।

**क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां :** बैठक में क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति, आतंकवाद और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी चिंताओं और दृष्टिकोण को साझा किया।

**कूटनीतिक सहयोग को बढ़ाने पर सहमति :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि बैठक में व्यापक मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों देशों ने यह भी माना कि वैश्विक अस्थिरता के समय में आपसी कूटनीतिक समन्वय और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करना आवश्यक है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दिया नि :स्वार्थ सेवा का संदेश

**नई दिल्ली,** (हि.स.) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को संस्कृत सुभाषित के माध्यम से निःस्वार्थ सेवा और परोपकार का संदेश साझा किया।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक श्लोक पोस्ट करते हुए समाज में बिना किसी अपेक्षा के दूसरों के हित में कार्य करने की प्रेरणा दी।प्रधानमंत्री का साझा किया गया सुभाषित है, “पद्माकरं दिनकरो विकचीकरोति चन्द्रो विकासयति कैरवचक्रवालम्। नाभ्यर्थितो जलधरोऽपि जलं ददाति सन्तः स्वयं परहितेषु कृताभियोगाः।।" इस सुभाषित का अर्थ है कि जैसे सूर्य कमल को खिलाता है, चंद्रमा कुमुदिनी को विकसित करता है और बादल बिना मांगे ही वर्षा करते हैं, उसी प्रकार सज्जन व्यक्ति बिना किसी अपेक्षा के दूसरों का भला करते हैं।प्रधानमंत्री ने इस सुभाषित के माध्यम से समाज में परोपकार, करुणा और निःस्वार्थ सेवा के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।



## स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों के साथ की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली,** (हि.स.) केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने गुरुवार को राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रमुख प्राथमिकताओं एवं योजनाओं की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से जुड़े स्वास्थ्य संकेतकों में प्रगति को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया।

उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभिम) के तहत स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने, चिकित्सा एवं नर्सिंग शिक्षा क्षमता के विस्तार पर बल दिया। साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों को इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता व पहुंच को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।




## यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 घोषित, हाईस्कूल में 90.42 और इंटर में 80.38 प्रतिशत छात्र सफल

**प्रयागराज,** (हि.स.) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश ने गुरुवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। हाईस्कूल में 90.42 प्रतिशत और इंटर में 80.38 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे। इस बार भी छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए छात्रों से बढ़त बनाई।

**टॉपर्स में सीतापुर और बाराबंकी की बेटियों का दबदबा**
हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने 97.83 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया।



**नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा प्रक्रिया :** इस वर्ष 8,033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में परीक्षाएं संपन्न हुईं। 18 मार्च से 4 अप्रैल तक 254 केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य पूरा किया गया। सरकार ने परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी बताया।

**लड़कियों ने फिर मारी बाजी**
हाईस्कूल में बालिकाओं का पास प्रतिशत 93.76 और बालकों का 87.30 रहा। इंटर में भी बालिकाएं 86.32 प्रतिशत के साथ आगे रहीं, जबकि बालकों का पास प्रतिशत 75.04 रहा।

**जेलों और विद्यालयों का प्रदर्शन भी सराहनीय :** जेलों में हाईस्कूल का परिणाम 98.53 प्रतिशत और इंटर का 84.44 प्रतिशत रहा। विद्या भारती के विद्यालयों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और जिला मेरिट में स्थान हासिल किया।

> **01 :** हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने 97.83% अंक के साथ संयुक्त रूप से टॉप किया, जबकि इंटर में सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60% अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया।
>
> **02 :** इस वर्ष 8,033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में परीक्षा संपन्न हुई और 18 मार्च से 4 अप्रैल तक 254 केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य पूरा किया गया।

## ट्रम्प की टिप्पणियों पर भारत में रोषपूर्ण प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली,** (हि.स.) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत और चीन पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों ने भारत में राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है। ट्रम्प ने प्रवासियों और आईटी प्रोफेशनल्स को लेकर विवादित भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे असंतोष बढ़ गया।

**भारत की कूटनीतिक प्रतिक्रिया**
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इन टिप्पणियों को देखा है, लेकिन इस पर अधिक प्रतिक्रिया नहीं देगा। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने सुझाव दिया कि अमेरिकी प्रशासन को भारतीय जनता की भावनाओं से अवगत कराया जाना चाहिए।



**विपक्ष का हमला और अमेरिकी सफाई :** कांग्रेस ने सरकार से इस मुद्दे पर जवाब मांगा और प्रधानमंत्री मोदी पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। वहीं अमेरिकी दूतावास ने सफाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प भारत को महान देश मानते हैं और प्रधानमंत्री उनके अच्छे मित्र हैं।

## फ्रांस के हवाई अड्डों पर भारतीयों को ट्रांसिट वीजा से मिली छूट

**नई दिल्ली,** (हि.स.) फ्रांस ने भारतीय यात्रियों के लिए बड़ा फैसला लेते हुए अपने हवाई अड्डों से ट्रांजिट वीजा की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। यह नियम 10 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गया है। इससे फ्रांस होकर अन्य देशों की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों को राहत मिलेगी।

**भारत-फ्रांस साझेदारी मजबूत**
विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह कदम दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का परिणाम है। हालिया उच्चस्तरीय बैठकों में इस पर सहमति बनी थी, जो संबंधों को और प्रगाढ़ करती है।




**यात्रियों को बड़ी राहत**
इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय यात्राएं आसान होंगी और भारतीय यात्रियों को समय व खर्च दोनों में लाभ मिलेगा। लोगों के बीच संपर्क और बढ़ेगा। द्विपक्षीय सहयोग को भी नई गति मिलेगी जल्द

> **ट्रांजिट वीजा खत्म**
> भारतीय नागरिक अब फ्रांसीसी हवाई अड्डों पर केवल विमान बदलने के लिए बिना ट्रांजिट वीजा के यात्रा कर सकेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह निर्णय यात्रा को सरल बनाएगा और प्रक्रियागत बाधाएं कम करेगा।

## होर्मुज जलडमरूमध्य से एलपीजी का आयात प्रभावित, देश में हालात सामान्य : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

> **01:** 94% एलपीजी डिलीवरी डीएसी सिस्टम से, जिससे दुरुपयोग पर रोक और पारदर्शिता बढ़ी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण तेल और एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है, लेकिन देश में घरेलू आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। रोजाना 52 लाख से अधिक घरों को एलपीजी सप्लाई की जा रही है, जबकि 44–45 लाख सिलेंडरों की बुकिंग हो रही है। डीएसी सिस्टम से 94 प्रतिशत डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है।



**कमर्शियल एलपीजी और वितरण व्यवस्था :** मंत्रालय के अनुसार अप्रैल की शुरुआत से अब तक 1.40 लाख टन कमर्शियल एलपीजी की बिक्री हुई है। आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। सरकार का लक्ष्य है कि अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति बाधाओं का असर घरेलू बाजार पर न्यूनतम पड़े और उपभोक्ताओं को किसी तरह की कमी महसूस न हो।

**विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा :** विदेश मंत्रालय ने कहा कि खाड़ी और पश्चिम एशिया में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। 24×7 नियंत्रण कक्ष सक्रिय है और अब तक 12 लाख से अधिक भारतीय सुरक्षित लौट चुके हैं। यूएई, सऊदी अरब, ओमान और बहरीन से अतिरिक्त उड़ानें भी चलाई जा रही हैं।

**नाविकों और बंदरगाहों की स्थिति सामान्य :** पोत परिवहन मंत्रालय ने बताया कि सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और 2,680 की सुरक्षित वापसी कराई गई है। देश के सभी बंदरगाह सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं और किसी प्रकार की भीड़ या बाधा की स्थिति नहीं है।

## देहरादून में केंद्र सरकार 716 करोड़ की लागत से बना रही 12 किमी लंबा बाईपास

**नई दिल्ली,** (हि.स.) देहरादून शहर में भारी वाहनों से होने वाले जाम और प्रदूषण से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) 716 करोड़ रुपये की लागत से 12 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड चार लेन बाईपास बना रहा है। इस परियोजना का 44 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और इसे अप्रैल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

केंद्रीय संचार मंत्रालय के अनुसार यह बाईपास झाझरा से शुरू होकर एनएच-7 से जुड़ते हुए अशारोरी चेक पोस्ट तक जाएगा। इससे शहर के भीतर से गुजरने वाला गैर-गंतव्य यातायात बाहर मोड़ा जा सकेगा, जिससे जाम और प्रदूषण में कमी आएगी।

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राजमार्ग की चौड़ाई 60 मीटर के बजाय 30 मीटर रखी गई है। वन्यजीवों के लिए 350 मीटर लंबा ओवरपास, सात पुल, 21 बॉक्स कल्वर्ट और पाँच ह्यूम पाइप कल्वर्ट बनाए जा रहे हैं। परियोजना से देहरादून को ट्रैफिक राहत के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## जापान के रक्षा निर्यात नियमों में बदलाव का भारत ने किया स्वागत

**नई दिल्ली,** (हि.स.) भारत ने जापान द्वारा घातक हथियारों के निर्यात पर लगे प्रतिबंध में ढील देने के निर्णय का स्वागत किया है और इसे रक्षा सहयोग को मजबूत करने वाला कदम बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत जापान की ओर से रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से जुड़े तीन सिद्धांतों की समीक्षा का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि दोनों देश विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी के तहत रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें तकनीकी एवं औद्योगिक सहयोग भी शामिल है।




जापान ने अपने युद्धोत्तर शांतिवादी नीति में बदलाव करते हुए हथियार निर्यात नियमों में ढील का समर्थन किया है।

## भारत और मिस्र रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाकर साथ काम करने पर सहमत हुए

**नई दिल्ली,** (हि.स.) भारत और मिस्र ने काहिरा में आयोजित 11वीं संयुक्त रक्षा समिति (जेडीसी) की बैठक के दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों देशों ने रक्षा उद्योग में साझेदारी बढ़ाने, संयुक्त प्रशिक्षण, सैन्य अभ्यास और समुद्री सुरक्षा सहयोग को विस्तार देने के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया।






भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद ने किया। बैठक में दोनों पक्षों ने पिछली प्रगति की समीक्षा की और 2026-27 के लिए रक्षा सहयोग योजना को अंतिम रूप देने पर सहमति जताई। भारत ने अपनी बढ़ती रक्षा उत्पादन क्षमता और निर्यात पर भी प्रस्तुति दी। बैठक में पहली नेवी-टू-नेवी स्टाफ टॉक्स हुई और हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा में भारत की भूमिका की सराहना की गई। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

# मुख्यमंत्री ने की वित्त विभाग तथा आंतरिक संसाधन से संबंधित विभागों की समीक्षा

**पटना,** (हि.स.)

**मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति अच्छी है, इसे और मजबूत करने के लिए विभागों को सुनियोजित ढंग से काम करना होगा।**

-------------------




मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में वित्त विभाग तथा आंतरिक संसाधन से जुड़े विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, राजस्व संग्रहण और विभिन्न विभागों के प्रदर्शन की गहन समीक्षा की गई।

**विभागवार प्रस्तुतीकरण और उपलब्धियों की समीक्षा** बैठक के दौरान वित्त विभाग, वाणिज्यकर, खान एवं भूतत्व, नगर विकास एवं आवास, राजस्व एवं भूमि सुधार, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, परिवहन तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों का लक्ष्य, राजस्व संग्रहण की स्थिति तथा अन्य उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया। अधिकारियों ने बताया कि कई क्षेत्रों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति दर्ज की गई है, जबकि कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है।

**राजस्व बढ़ाने के लिए नवाचार पर जोर:** मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति वर्तमान में अच्छी है, लेकिन इसे और मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि राजस्व संग्रहण बढ़ाने के लिए नवाचार अपनाएं और नई संभावनाओं की पहचान करें। साथ ही कर व्यवस्था और संसाधन प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने पर भी बल दिया।

**वित्तीय अनुशासन और लक्ष्य समयबद्ध पूर्ण करने का निर्देश**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी विभागों में वित्तीय अनुशासन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। संसाधनों का सदुपयोग करते हुए विकास कार्यों की गति को और तेज करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने जोर दिया।

**बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति:** बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर सहित विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की।

# स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह के विजय दिवस पर मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**पटना,** (हि.स.) 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर वीर कुँवर सिंह आजादी पार्क में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने बाबू वीर कुँवर सिंह की आदमकद अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी, पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधायक श्रवण कुमार, विधायक नीरज कुमार सिंह, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधान पार्षद संजय सिंह, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबू वीर कुँवर सिंह की अश्वारोही प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सहकारी भूमि विकास बैंक समिति परिसर में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को हाउसिंग बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह विधान पार्षद विजय कुमार सिंह ने पगड़ी तथा बड़ी माला पहनाकर तथा तलवार भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

# नीतीश जी की जनहित और विकास नीतियां मजबूती से जारी है : विजय कुमार चौधरी

**पटना,** (हि.स.) उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल करेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा विश्वास मत का प्रस्ताव विधिवत रूप से विधानसभा सचिवालय को सौंप दिया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार सदन में मजबूत बहुमत के साथ अपना विश्वास मत हासिल करेगी।




**विकास यात्रा को आगे बढ़ाने का संकल्प:** उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार उसी विकासपरक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता के जनादेश के अनुरूप काम कर रही है।

**वित्तीय सुधारों पर सरकार का जोर:** विजय कुमार चौधरी ने कहा कि पूर्ववर्ती राजद शासनकाल में वित्तीय व्यवस्था अस्थिर और अनियमित थी, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राज्य की वित्तीय स्थिति अधिक पारदर्शी, मजबूत और जवाबदेह बनी है। सरकार ने वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दी है, जिससे विकास कार्यों को गति मिली है।

**राजनीतिक प्रतिक्रिया और संगठनात्मक गतिविधियां**

उन्होंने कहा कि जदयू की जनसंपर्क यात्राओं को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह है। वहीं विपक्ष द्वारा की जा रही टिप्पणियां पूरी तरह राजनीति से प्रेरित हैं। इस अवसर पर विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, अनिल कुमार, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी सहित कई नेता मौजूद रहे, साथ ही प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा भी उपस्थित थे।

**सरकार को बहुमत पर पूरा भरोसा:** उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार नीतीश कुमार के आशीर्वाद से बनी है और उन्हीं के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में विश्वास मत को लेकर किसी प्रकार की शंका की कोई गुंजाइश नहीं है। सरकार पूरी मजबूती के साथ सदन में अपनी स्थिति साबित करेगी।

# निशांत कुमार की कार्यकर्ताओं से मुलाकात, संगठन को मजबूत बनाने का किया आह्वान

**पटना,** (हि.स.) जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के नेता निशांत कुमार गुरुवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से बारी-बारी से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सभी का कुशलक्षेम जाना एवं अभिवादन स्वीकार किया।निशांत कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पार्टी को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें।




उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर ''न्याय के साथ विकास'' की अवधारणा को साकार किया है तथा विकास की किरणों को अंतिम पंक्ति तक पहुँचाया है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने अपनी दूरदर्शी नीतियों और अथक परिश्रम से बिहार की तस्वीर बदली है, विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और प्रगति की नई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इसलिए पार्टी के सभी साथी बीते 20 वर्षों के कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएँ और उन्हें इन उपलब्धियों से अवगत कराएँ।

निशांत कुमार के आगमन पर पार्टी कार्यालय में उत्साह और उमंग का अभूतपूर्व माहौल देखने को मिला। उनके स्वागत में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जोश और ऊर्जा के साथ नारे लगाते हुए पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। हर कोई उनसे मिलने और उनका अभिवादन करने को उत्सुक नजर आया।साथ ही इस दौरान निशांत कुमार ने विधान पार्षद सहपार्टी के पूर्व प्रवक्ता संजय सिंह, विधायक राहुल सिंह, विधायक अभिषेक, विधायक मांजरिक मृणाल, विधायक आदित्य कुमार, विधायक शुभानंद मुकेश एवं विधायक रुहेल रंजन से मुलाकात की।इस दौरान विधान परिषद में विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार में ट्रिपल इंजन की सरकार, विकास की रफ्तार से घबराया विपक्ष : प्रेम रंजन पटेल

**पटना,** (हि.स.) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि बिहार में "ट्रिपल इंजन सरकार" पूरी ताकत के साथ विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।उनके अनुसार केंद्र, राज्य और नेतृत्व के समन्वय से बिहार में विकास की गति पहले से अधिक तेज होगी।

**पहले से मजबूत हुआ विकास का ढांचा:** प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि पहले "डबल इंजन सरकार" के तहत केंद्र की योजनाओं और संसाधनों का लाभ बिहार को मिल रहा था। राज्य सरकार द्वारा उनके प्रभावी क्रियान्वयन से विकास की मजबूत नींव तैयार हुई। अब "ट्रिपल इंजन" की ताकत से यह प्रक्रिया और अधिक तेज, व्यापक और प्रभावी होगी।

**विकास के नए आयाम स्थापित होंगे:** प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि यह त्रिस्तरीय समन्वय बिहार को विकास के नए शिखर तक ले जाएगा। सरकार न केवल अधूरे कार्यों को पूरा करेगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और औद्योगिक निवेश जैसे क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित करेगी।

**जनता के विश्वास को परिणाम में बदलने का संकल्प:** उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जिस विश्वास के साथ सरकार को समर्थन दिया है, उसे ठोस परिणामों में बदलना सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले समय में बिहार को विकास, सुशासन और समृद्धि का मॉडल राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

**नेतृत्व और अनुभव का संगम**

उन्होंने कहा कि राज्य का नेतृत्व युवा, ऊर्जावान और निर्णायक मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कर रहे हैं, जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभव और मार्गदर्शन का सशक्त सहयोग प्राप्त है। वहीं केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बिहार को लगातार योजनाओं और वित्तीय संसाधनों के माध्यम से गति प्रदान कर रही है।

# पटना जिला में अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान

**न्यूज स्केल, पटना,**

-----------------------

**14 से 20 अप्रैल के बीच पूरे जिले में ''अग्नि सुरक्षा सप्ताह'' का आयोजन कर विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ की गईं।**

-----------------




ज़िलाधिकारी, पटना के निर्देश पर जिले में अगलगी की घटनाओं की रोकथाम और उनके न्यूनीकरण को लेकर व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अग्नि-प्रवण काल (15 मार्च से 15 जून) को देखते हुए प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतने और आम लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया है। इस दौरान सरकारी दिशा-निर्देशों ''क्या करें एवं क्या न करें'' के अनुपालन का आह्वान किया गया है।

**जागरूकता अभियान और विशेष सप्ताह का आयोजन:** जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिला अग्निशमन पदाधिकारी के नेतृत्व में 3 मार्च से 9 मार्च तक विशेष साप्ताहिक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त 14 से 20 अप्रैल तक "अग्नि सुरक्षा सप्ताह" का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

**गाँव और शहरों में ओरिएंटेशन कार्यक्रम:** ज़िलाधिकारी के निर्देश पर पदाधिकारियों को गाँव-गाँव और शहरी क्षेत्रों में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इन कार्यक्रमों में लोगों को आग से बचाव के उपाय, सुरक्षित व्यवहार, बिजली उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है।

**आपातकालीन संपर्क व्यवस्था और अपील:** किसी भी अग्नि दुर्घटना की स्थिति में नागरिकों से तुरंत डायल-112/101, जिला अग्नि नियंत्रण कक्ष (7485805821), जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (0612-2210118) या 24×7 जिला नियंत्रण कक्ष (0612-2219810/2219234) पर सूचना देने की अपील की गई है। प्रशासन ने जनता से सतर्क रहने और जागरूकता संदेशों को अधिक से अधिक प्रसारित करने का आग्रह किया है।

# इतिहास के पन्नों में 24 अप्रैल : क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का जन्मदिन

भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का जन्मदिन 24 अप्रैल को देशभर में उत्सव की तरह मनाया जाता है। वर्ष 1973 में इसी दिन जन्मे सचिन को करोड़ों क्रिकेट प्रेमी 'क्रिकेट का भगवान' मानते हैं और उनके इस खास दिन पर प्रशंसकों में विशेष उत्साह देखने को मिलता है।

सचिन तेंदुलकर ने अपने लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए और भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक लगाने वाले दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं, जो उनकी महानता को दर्शाता है।



उनकी बल्लेबाजी शैली, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में एक प्रेरणास्रोत बना दिया। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने कई यादगार पारियां खेलीं और देश को अनेक ऐतिहासिक जीत दिलाईं।

आज भी सचिन तेंदुलकर नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श हैं। उनके जन्मदिन पर सोशल मीडिया से लेकर क्रिकेट जगत तक, हर जगह उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं और उनके योगदान को याद किया जा रहा है।

**महत्वपूर्ण घटनाचक्र**

1877 - रूस ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।

1898 - स्पेन ने अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

1920 - पोलैंड की सेना ने यूक्रेन पर हमला किया।

1926 - बर्लिन संधि पर हस्ताक्षर।

1954 - ब्रिटिश सरकार ने कीनिया के विद्रोहियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया। कीनिया के विद्रोहियों ने देश में रहने वाले गोरे लोगों के खिलाफ गुरिल्ला अभियान चलाया था, जिसे उन्होंने माउ माउ नाम दिया था।

1954 - आस्ट्रेलिया और सोवियत संघ ने राजनयिक संबंध समाप्त किए।

1960 - दक्षिण पर्सिया में आये भयंकर भूकंप में 500 लोगों की मौत।

1962 - एमआईटी ने पहली बार सेटेलाइट द्वारा टीवी सिग्नल भेजा।

1967 - सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री व्लादिमीर कोमारोव एक अंतरिक्ष अभियान के दौरान दम तोड़ने वाले पहले व्यक्ति थे। पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करने के कुछ देर बाद उनके अंतरिक्ष यान के पैराशूट के तार उलझ गए और वह कई मील की ऊंचाई से धरती पर आ गिरे।

1970 - चीन का पहला उपग्रह डांग फांग हांग लांच किया गया।

1982 -15 वर्षों के इजरायली आधिपत्य के बाद सिनाई प्रायःद्वीप क्षेत्र मिस्र को वापस।

1998 - क्लोन भेड़ डोली द्वारा एक स्वस्थ मेमने बॉनी का जन्म।

2002 - अर्जेन्टीना में बैंक अनिश्चित काल के लिए बंद।

2003 - तमिल विद्रोहियों का मानवीय मसलों पर होने वाली 17वें दौर (थाइलैंड) की वार्ता में भाग लेने से इन्कार।

2006 - नेपाल में संसद बहाल।

2007 - हमास ने इस्त्रायल पर हमला करके युद्ध विराम को तोड़ा।

2008 - नेपाल में नई सरकार का गठन करने जा रहे माओवादी नेता पुष्पकमल दहल उर्फ प्रचण्ड ने भारत व नेपाल के मध्य 1950 में हुई संधि को समाप्त करने की घोषणा की।

2013 - बांग्ला देश की राजधानी ढाका में इमारत गिरने से सैकड़ों लोगों की मौत।

# बड़ी पहल : समय पर पहचान और समुचित प्रबंधन से घटेगी मातृ-शिशु मृत्यु दर :जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार

## HRP पर सख्तीः जीएमसीएच पूर्णिया में हुई बैठक में मातृ-शिशु स्वास्थ्य,डीएम दिखे सख्त कहा - लापरवाही बर्दाश्त नहीं”

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में पूर्णिया जिला प्रशासन ने अब “हाई रिस्क प्रेग्नेंसी” (HRP) को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। बुधवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में 90 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर न केवल उनके स्वास्थ्य सुरक्षा का संकल्प लिया गया, बल्कि जिले भर में सख्त निगरानी और बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि उच्च जोखिम गर्भावस्था की समय पर पहचान और समुचित प्रबंधन ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की कुंजी है।

**किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं :डीएम**

जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और हर गर्भवती महिला तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचनी चाहिए।

**योजना का फोकस : पोषण + पहचान + प्रबंधन**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 90 चिन्हित उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को पोषण सहयोग प्रदान करना था। उन्हें दिए गए फूड पैकेट में जरूरी पोषक तत्व शामिल किए गए, जिससे मां और गर्भस्थ शिशु दोनों का स्वास्थ्य बेहतर रह सके।

साथ ही महिलाओं को आयरन, कैल्शियम, टीकाकरण, नियमित जांच और सुरक्षित संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक किया गया।



**प्रशासन की सख्ती : “हर केस पर नजर, हर महिला तक पहुंच”**

डीएम ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच (ANC), संस्थागत प्रसव और पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को फील्ड में सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनकी लगातार मॉनिटरिंग जरूरी है, ताकि किसी भी जटिलता से पहले ही निपटा जा सके।

**जिले में HRP की लाइन लिस्टिंग तेज**

सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया ने बताया कि जिले में सभी हाई रिस्क प्रेग्नेंसी मामलों की पहचान कर उनकी लाइन लिस्टिंग की जा रही है।



PMSMA और e-PMSMA दिवसों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच सुनिश्चित की जा रही है।

वहीं, डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं के जरिए घर-घर संपर्क कर महिलाओं की निगरानी की जा रही है और जरूरत पड़ने पर 102 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।

**अस्पतालों में बढ़ी तैयारी, तय तिथियों पर मुफ्त जांच**

डीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के तहत हर महीने 9, 15 और 21 तारीख को सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क जांच और परामर्श की सुविधा दी जा रही है।

गर्भवती महिलाओं से अपील की गई कि वे इन तिथियों पर अनिवार्य रूप से जांच कराएं और प्रसव के लिए पहले से ही नजदीकी अस्पताल का चयन कर लें।

**किन महिलाओं को माना जाता है हाई रिस्क?**

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि कम उम्र या अधिक उम्र में गर्भधारण, बार-बार गर्भ, गंभीर एनीमिया, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, संक्रमण या वर्तमान गर्भावस्था में जटिलताएं जैसे लक्षण HRP की श्रेणी में आते हैं।

ऐसे मामलों में विशेष देखभाल और सतत निगरानी बेहद जरूरी होती है।

**संदेश साफ : “सुरक्षित मातृत्व ही प्राथमिकता”**

कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि उच्च जोखिम गर्भावस्था में नियमित जांच, संतुलित पोषण और संस्थागत प्रसव ही सुरक्षित मातृत्व की कुंजी है। पूर्णिया में यह पहल न सिर्फ एक कार्यक्रम बनकर रह गई, बल्कि प्रशासन की सख्ती, स्वास्थ्य तंत्र की सक्रियता और जागरूकता अभियान के रूप में एक मजबूत संदेश भी दे गई—

- उच्च जोखिम गर्भवतियों पर प्रशासन सख्त, 90 महिलाओं को मिला पोषण किट
- रेड क्रॉस परिसर में विशेष कार्यक्रम, पोषण किट के साथ जागरूकता और निगरानी पर जोर
- जिले में HRP महिलाओं की लाइन लिस्टिंग तेज, अस्पतालों में बढ़ाई गई तैयारी

# बंगाल चुनाव का असर : पूर्णिया से गुलाबबाग तक थमी रफ्तार, बाजारों में पसरा सन्नाटा

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

» गुलाबबाग मंडी में घटा कारोबार, सड़कों पर कम हुई आवाजाही, दिनभर चुनावी चर्चा में डूबा रहा शहर



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का असर गुरुवार को सीमावर्ती पूर्णिया जिले में साफ तौर पर देखने को मिला। जिले के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र गुलाबबाग मंडी से लेकर शहर के मुख्य बाजारों तक सामान्य दिनों की चहल-पहल गायब रही। आमतौर पर जाम और भीड़ से जूझने वाली सड़कों पर इस दिन असामान्य सन्नाटा पसरा रहा।

**मंडी मे नहीं गया था व्यापार**

बहुचर्चित गुलाबबाग मंडी, जहां रोजाना किसानों और व्यापारियों की भारी भीड़ उमड़ती है, वहां कारोबार काफी सिमटा हुआ दिखा। मंडी में न तो खरीदारों की सामान्य संख्या दिखी और न ही किसानों की भीड़। व्यापारियों का कहना है कि बंगाल चुनाव के कारण बाहरी आवाजाही प्रभावित रही, जिससे कारोबार पर सीधा असर पड़ा।

**सड़कों पर दौड़ती दिखी गाड़ियां नहीं दिखा भीड़**

शहर के अन्य हिस्सों में भी यही स्थिति रही। बाजारों में भीड़ कम रही और सड़कों पर आवाजाही सामान्य दिनों की तुलना में काफी घट गई। खास बात यह रही कि मौसम सुहावना होने के बावजूद लोग घरों से कम ही निकले। आमतौर पर ऐसे मौसम में जहां बाजारों और सड़कों पर रौनक बढ़ जाती है, वहीं गुरुवार को यह नजारा उलट रहा।

दिनभर लोगों की नजरें पश्चिम बंगाल चुनाव पर टिकी रहीं।

**चे की दुकाने रही गुलजार :चुनाव की चर्चा**

चाय की दुकानों से लेकर चौक-चौराहों तक चुनावी चर्चाओं का दौर चलता रहा। सोशल मीडिया पर भी लोग लगातार अपडेट लेते और साझा करते नजर आए। हर कोई मतदान प्रतिशत, सुरक्षा व्यवस्था और राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चा में व्यस्त रहा।

**सुरक्षा की रही चाक चौबंद व्यवस्था**

सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। बंगाल से लगने वाली सीमाओं को सील कर दिया गया था, वहीं बिहार और नेपाल बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी गई। पुलिस और सुरक्षा बलों की लगातार गश्त जारी रही तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहनों की जांच भी तेज कर दी गई थी, ताकि किसी भी तरह की अवांछित गतिविधि को रोका जा सके। सामान्य दिनों की तुलना में यह दिन पूरी तरह अलग रहा, जहां बाजारों की रफ्तार धीमी और लोगों की दिलचस्पी चुनावी हलचलों में ज्यादा नजर आई।

# पूर्णिया में दो सड़क हादसे : दो युवाओं की मौत, सांसद पप्पू यादव ने परिजनों से मिलकर बढ़ाया मदद का हाथ

## सांसद ने पीड़ित परिवारों से मिलकर जताई संवेदना, आर्थिक सहायता दी; सड़क सुरक्षा पर उठाया सवाल

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया नगर निगम क्षेत्र में गुरुवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवाओं की असामयिक मौत से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। इन दर्दनाक घटनाओं के बाद पूर्णिया के सांसद Rajesh Ranjan (पप्पू यादव) ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



पहली घटना मधुबनी मोलवी टोला, वार्ड संख्या 16 की है, जहां श्रीमती अफसाना खातून के 18 वर्षीय पुत्र शाहबाज अली की इंदिरा गांधी स्टेडियम के समीप सड़क हादसे में मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद सांसद स्वयं मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। मानवीय पहल करते हुए उन्होंने अपनी ओर से ₹10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की।

दूसरी घटना बिलौरी वार्ड संख्या 44 की है, जहां सुकुमार दास के पुत्र सुमन कुमार दास की भी सड़क दुर्घटना में जान चली गई। सांसद ने इस परिवार से भी मिलकर शोक व्यक्त किया और कहा कि ऐसी घटनाएं समाज के लिए अत्यंत पीड़ादायक हैं।

सांसद पप्पू यादव ने लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ-साथ सख्त नियमों का पालन जरूरी है।

इस दौरान बबलू भगत, वैश खान, राजेश यादव, संजय सिंह, सुडु यादव, सुदर्शन दास, अरुण यादव, अलिफेसल जुगनू, मो. राजू, चंद्र कुमार यादव, करन यादव और शंकर सहनी सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विधायक विजय खेमका ने वीर कुंवर सिंह को किया नमन : बोले—वीर कुंवर सिंह का साहस युवाओं के लिए प्रेरणा,

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

» विधायक विजय खेमका ने नारी सशक्तिकरण और नारी सम्मान के मामले पर विपक्ष पर साधा निशाना



शहर के आरएन साह चौक स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह स्मारक पर गुरुवार को विजयोत्सव के अवसर पर श्रद्धा और सम्मान का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर विधायक विजय खेमका ने स्मारक समिति के सदस्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और स्मारक समिति के सदस्य शामिल हुए। सभी ने पुष्प अर्पित कर 1857 के उस ऐतिहासिक दिन को याद किया, जब वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजी सेना को पराजित कर मातृभूमि की रक्षा की थी।

विधायक विजय खेमका ने कहा कि 80 वर्ष की आयु में भी वीर कुंवर सिंह ने अद्भुत साहस और वीरता का परिचय दिया, जो आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया कि स्मारक का सौंदर्यीकरण विधायक निधि से कराया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके शौर्य और बलिदान को याद रख सकें।

इस दौरान उन्होंने नारी सशक्तिकरण के मुद्दे पर विपक्षी महागठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे ऐतिहासिक बिल का विरोध कर विपक्ष ने महिलाओं का अपमान किया है। साथ ही, महिलाओं पर दिए गए विवादित बयानों को उन्होंने विपक्ष की “ओछी मानसिकता” का प्रतीक बताया।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं और आने वाले समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

कार्यक्रम में दिनकर स्नेही, गोपाल शर्मा, अर्जुन कुमार तेवारी, पीयूष कुमार सिंह, गोपाल सिन्हा, मिथिलेश पोद्दार, सोनू सिंह, उपेंद्र महलदार, नरेंद्र कुमार सिंह, अरुण कुमार वर्मा, अजित सिन्हा, सम्राट कुमार सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता का बड़ा दावा बंगाल में बदलाव तय,इस बार भाजपा 200 पार

## पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान से उत्साहित भाजपा जिलामंत्री, कहा-जनता का रुझान ‘साइलेंट वेव’ का संकेत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को हुए भारी मतदान को लेकर भाजपा की जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने जबरदस्त उत्साह व्यक्त किया है। उन्होंने दावा किया कि इस बार बंगाल की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

नूतन गुप्ता ने कहा कि पहले चरण में जिस तरह से मतदाता बड़ी संख्या में घरों से निकलकर मतदान कर रहे हैं, वह “रिकॉर्ड तोड़” है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार कई क्षेत्रों में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया है, जिसे उन्होंने सत्ता विरोधी लहर और भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक बताया।


- बंगाल में भाजपा की बयार बह रही है और पार्टी 200 से अधिक सीटें जीतकर इतिहास रचेगीः नूतन गुप्ता

जिलामंत्री ने आत्मविश्वास जताते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा की बयार बह रही है और पार्टी 200 से अधिक सीटें जीतकर इतिहास रचेगी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब प्रदेश की जनता तुष्टिकरण की राजनीति से ऊब चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘विकास मॉडल’ को अपनाने के पक्ष में खड़ी है।

उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के सीमावर्ती जिलों, खासकर पूर्णिया के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी बंगाल चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह है। कार्यकर्ता भाजपा की जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं।



गौरतलब है कि चुनावी माहौल के बीच कुछ स्थानों से हिंसा की छिटपुट खबरें भी सामने आई हैं, बावजूद इसके बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। भाजपा खेमे में इस भारी मतदान को अपने पक्ष में ‘साइलेंट वेव’ के रूप में देखा जा रहा है, जिससे पार्टी की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं।



# पूर्णिया में गैस सिलेंडर की स्थिति सामान्य, 7,566 उपभोक्ताओं को हुआ वितरण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 23 अप्रैल को जिले में कुल 7,566 गैस सिलेंडर संबंधित उपभोक्ताओं तक एजेंसियों के माध्यम से सफलतापूर्वक पहुंचाए गए।



अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी रविशंकर उरांव ने बताया कि कुल 8,852 उपभोक्ताओं द्वारा गैस सिलेंडर की मांग की गई थी, जिसमें से अधिकांश को नियमानुसार समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की गई। वहीं, वर्तमान में भी विभिन्न गैस एजेंसियों के गोदामों में 23,277 गैस सिलेंडर सुरक्षित रूप से उपलब्ध हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को पहले की तरह नियमित रूप से होम डिलीवरी सेवा दी जा रही है।

- गोदामों में 23,277 सिलेंडर उपलब्ध, घबराहट में बुकिंग न करने की प्रशासन की अपील

**आपूर्ति चक्र निर्धारित :**

ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिन शहरी क्षेत्रों में लगभग 25 दिन निर्धारित किया गया है

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराहट या अफवाह में आकर अनावश्यक बुकिंग न करें। यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति से संबंधित कोई शिकायत हो, तो वे जिला नियंत्रण कक्ष के इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं—
06454-242319 / 242317 / 242320

जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सभी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है और आम जनता से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# चम्पानगर में दो शराबी गिरफ्तार, हंगामा करते पकड़े गए

**न्यूज स्केल केनगर**

» मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि, दोनों को न्यायिक हिरासत भेजा गया

चम्पानगर थाना पुलिस ने बुधवार की संध्या गश्ती के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो शराबियों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी नशे की हालत में हंगामा कर रहे थे। थानाध्यक्ष अनुपम राज ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में जगनी पंचायत के जयकृष्णपुर कटहा निवासी संजीव कुमार यादव का 20 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार और नगर पंचायत चम्पानगर वार्ड संख्या-6, रामनगर दुर्गा मंदिर टोला निवासी विशो कामती का 36 वर्षीय पुत्र मुकेश कामती शामिल है। पुलिस के अनुसार मुकेश पहले भी शराब पीने के मामले में कई बार जेल जा चुका है।



मेडिकल जांच में दोनों के अत्यधिक शराब सेवन की पुष्टि हुई, जिसके बाद गुरुवार को आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक हिरासत में पूर्णिया भेज दिया गया।

# जूट पर 'जीरो स्टॉक' का सख्त फरमान : 5 मई तक खाली करो गोदाम, पोर्टल पर देनी होगी पूरी रिपोर्ट

## वस्त्र मंत्रालय की कार्रवाई से कोसी सीमांचल में हड़कंप, गुलाबबाग मंडी में कारोबार प्रभावित :जुट इंडस्ट्रीज पर भी शिकंजा

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**■ सरकार का संदेश साफ है— जूट बाजार में "स्टॉक गेम" अब नहीं चलेगा।**
**आने वाले 10–15 दिन जूट कारोबार के लिए निर्णायक हैं। या तो स्टॉक खत्म करें और पोर्टल पर 'जीरो' दिखाएं, या कार्रवाई के लिए तैयार रहें।**

देश भर मे जमाखोरी पर केंद्र सरकार सख्त है येसे मे कच्चे जूट की आसमान छूती कीमतों और जमाखोरी की आशंका पर केंद्र सरकार ने अब तक का सबसे सख्त कदम उठाया है। वस्त्र मंत्रालय के निर्देश पर कोलकाता जूट आयुक्त कार्यालय से 20 अप्रैल को जारी आदेश के बाद सीमांचल और कोसी के सात जिलों— पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा—में जूट कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है।

सबसे बड़ा निर्देश साफ शब्दों मे है: कि अगामी 5 मई 2026 तक हर हाल में 'शून्य स्टॉक' करना होगा और इसकी जानकारी विभागीय 'जूट स्मार्ट पोर्टल' पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

**5 मई डेडलाइन: 'जीरो स्टॉक' का डिजिटल सबूत देना होगा**

सरकार ने आदेश में स्पष्ट किया है कि -----

**» सभी जूट कारोबारी, बेलर्स और स्टॉकधारक 5 मई तक अपना पूरा स्टॉक खत्म करें,**

**» 15 मई तक भौतिक डिलीवरी पूरी करें**

**और सबसे अहम, 'शून्य स्टॉक' की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करें**

**» इस आदेश का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कड़ी कार्रवाई की** चेतावनी दी गई है।





15 मई तक डिलीवरी पूरी करनी होगी सभी के लिए स्टॉक सीमा 'शून्य'

5 मई 2026 तक पूरा स्टॉक खत्म करना अनिवार्य

मिलों को 45 दिन की खपत तक छूट,हर 15 दिन पर 'जूट स्मार्ट पोर्टल' पर अपडेट

नियम के उल्लंघन पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कार्रवाई

**स्टॉक लिमिट खत्म, खरीद पर भी कसेगा शिकंजा**

सरकार का मानना है कि बड़े स्तर पर स्टॉक छुपाकर बाजार में कृत्रिम कमी बनाई जा रही थी, जिससे कीमतें MSP से काफी ऊपर पहुंच गईं।

गुलाबबाग मंडी में डर का माहौल, बड़े स्टॉकीस्ट चिंतित पूर्णिया के गुलाबबाग जूट मंडी में इस आदेश के बाद बेचैनी साफ दिख रही है।

कई बड़े स्टॉकीस्ट के चेहरे का रंग उड़ा हुआ है

**नई व्यवस्था के तहतः**

» 5 मई के बाद सभी व्यापारियों के लिए स्टॉक सीमा 'जीरो'

» जूट मिलों को केवल 45 दिनों की खपत तक स्टॉक रखने की छूट

» हर 15 दिन में पोर्टल पर स्टॉक अपडेट अनिवार्य

**जुट कारोबारियों में भय का माहौल**

जुट कारोबारियों में यह डर है कि 5 मई के बाद कभी भी छापेमारी/सर्वे शुरू हो सकता है गोदामों में रखे भारी स्टॉक को लेकर अफरा-तफरी का माहौल

सूत्रों के मुताबिक, कोसी और सीमांचल के सात जिलों में अब भी बड़े पैमाने पर जूट स्टॉक होने का संदेह है।

**विभागीय सर्वे की तैयारी, कभी भी दस्तक**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अधिकारियों को गोदामों की जांच और रिकॉर्ड सत्यापन का पूरा अधिकार दे दिया गया है।संकेत साफ हैं कि: 5 मई के बाद अचानक सर्वे और छापेमारी शुरू हो सकती है स्टॉक छुपाने या गलत जानकारी देने पर तुरंत कार्रवाई तय है

**2021 में भी चला था सख्त अभियान**

यह पहली बार नहीं है जब जूट कारोबार पर वस्त्र मंत्रालय के निर्देश पर जुट कॉरपोरेशन द्वारा शिकंजा कसा गया हो।वर्ष 2021 में जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ,कोलकाता की टीम ने गुलाबबाग में बड़े पैमाने पर जांच की थी

कई गोदामों में स्टॉक जब्त कर सीजर नोटिस लगाए गए थे कोलकाता से आए अधिकारियों ने मौके पर स्टॉक सत्यापन किया था

अब 2026 का नया फरमान 2021 से भी ज्यादा सख्त माना जा रहा है, जिससे कारोबारियों की बेचैनी और बढ़ गई है।

**कीमतों में उछाल बना कारण**

हाल के महीनों में जूट की कीमतें बढ़कर करीब ₹17,000 प्रति क्विंटल तक पहुंच गईं। इसे लेकर सरकार का यह मानना है कि: जमाखोरी से कृत्रिम संकट पैदा हुआहै जिससे जुट मिलों को ऊंचे दाम पर खरीद करनी पड़ी, और जुट का बाजार असंतुलित हो गया है ।

**कारोबारियों का विरोध भी तेज**

इस विभागिय निर्देश को कारोबारियों ने अव्यावहारिक बताते हुए कहा है:

कि पहले से स्टॉक लिमिट तय होने के बाद बड़ी मुश्किल से बाजार खाद्य हुआ था अब शून्य स्टॉक के निर्देश को जोड़कर नोटिस देना गलत है ,

---

## दुर्गापुर चौक पर भीषण सड़क हादसा : तेज रफ्तार कार ट्रैक्टर में घुसी, दो युवक गंभीर



**न्यूज स्केल, भवानीपुर**

**■ स्टेट हाईवे-65 पर खड़े सीमेंट लदे ट्रैक्टर से टक्कर; हालत नाजुक देख पूर्णिया रेफर, पुलिस जांच में जुटी**

भवानीपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर चौक के समीप स्टेट हाईवे-65 पर गुरुवार दोपहर करीब दो बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खराब हालत में खड़े सीमेंट लदे ट्रैक्टर से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा ट्रेलर के नीचे घुस गया और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में कार सवार खगड़िया जिले के पसराहा निवासी प्रीतम कुमार और सौरव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू करते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भवानीपुर पहुंचाया।

वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया रेफर कर दिया।

सूचना मिलते ही एसआई उमेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाने लाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर तक मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

---

## भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने सांसद पप्पू यादव को कहा इस तरह की टिप्पणी से बचें

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**■ भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि महिलाओं के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी न केवल अत्यंत शर्मनाक है, बल्कि यह समाज की मर्यादा और संस्कारों पर सीधा आघात है!**



कार्यकारी भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने अपने बयान में कहा कि, "महिलाओं के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी न केवल अत्यंत शर्मनाक है, बल्कि यह समाज की मर्यादा और संस्कारों पर सीधा आघात है। ऐसी विकृत मानसिकता रखने वाले जनप्रतिनिधि पूर्णिया ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार को लज्जित करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, "महिलाएं हमारे समाज की आधारशिला हैं। उनके सम्मान और गरिमा की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस तरह के बयान किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकते।"

भाजपा नेता ने मांग की कि सांसद अपने इस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और भविष्य में इस तरह की अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने से बचें। अगर ऐसा नहीं होता है तो वह अपना मानसिक स्थिति का इलाज रांची या आगरे में करा ले।

उन्होंने कहा कि, "भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इस दिशा में मजबूती से कार्य करती रहेगी।"

---

## जनता की आवाज बनी प्राथमिकता, एसपी ने दरबार में सुनी हर फरियाद

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**■ जनता दरबार में एसपी ने सुनीं आमजन की समस्याएं त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**



पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में आमजन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, साइबर ठगी, मारपीट एवं अन्य आपराधिक मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और हर मामले के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्राप्त आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ताओं को न्याय दिलाएं।इस पहल से आमजन में विश्वास बढ़ा है और लोगों ने प्रशासन की इस संवेदनशीलता की सराहना की है।

---

## पूर्णिया के विकास की आवाज बने भाजपा नेता अंगद मंडल, मुख्यमंत्री से मिल रखीं पूर्णिया के विकास से जुडी अहम मांगें

**न्यूज स्केल, पूर्णिया पूर्व**

**» सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को लेकर सौंपा प्रस्ताव, सकारात्मक पहल की जताई उम्मीद**



पूर्णिया जिले के समग्र विकास को नई गति देने के उद्देश्य से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह डिमिया छतरजान पंचायत के मुखिया अंगद मंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अंगद मंडल ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुलाकात के दौरान अंगद मंडल ने पूर्णिया के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से उठाया। उन्होंने विशेष रूप से सड़क व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर देते हुए कहा कि पूर्णिया पूर्व प्रखंड सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता बताते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ करने और चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने विद्यालयों में संसाधनों की कमी दूर करने तथा शिक्षकों की नियुक्ति बढ़ाने का आग्रह किया।

अंगद मंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पूर्णिया को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जाएं, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें और पलायन पर रोक लगे।

इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह भी मौजूद रहे।

मुलाकात के बाद अंगद मंडल ने विश्वास जताया कि सरकार शीघ्र ही इन मांगों पर ठोस कदम उठाएगी, जिससे जिले में विकास की नई दिशा दिखाई देगी।

---

## बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव पर पूर्णियां में भव्य आयोजन, युवाओं से राष्ट्रनिर्माण का आह्वान

**न्यूज स्केल, पूर्णिया**

**» बाबू वीर कुंवर सिंह स्मारक संघ के वरिष्ठ सदस्य माधव सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबू वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं।**



बाबू वीर कुंवर सिंह स्मारक संघ, पूर्णियां द्वारा भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं बाबू वीर कुंवर सिंह के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके अद्वितीय साहस, राष्ट्रभक्ति और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष में दिए गए योगदान को भावपूर्ण ढंग से स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह का जीवन त्याग, संघर्ष और देशभक्ति का अनुपम उदाहरण है, जो आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ सदस्य माधव सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबू वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी यदि इतिहास से प्रेरणा ले, तो समाज और देश को नई दिशा मिल सकती है।

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बिजय श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल समाज में जागरूकता फैलाते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। उन्होंने स्मारक संघ के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप कुमार दीपक ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया,

कार्यक्रम में बिजय कुमार श्रीवास्तव, दिनकर स्नेही, अरविन्द कुमार सिंह, गौतम वर्मा, के.के. चौधरी, अमित सिंह, जय वर्धन सिंह, संजय सिंह, अवधेश सिंह, राजा सिंह, सेवा निवृत्त बैंक अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

## विजयोत्सव : बनमनखी में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव दिवस

**न्यूज स्केल बनमनखी**

1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव दिवस के अवसर पर बुधवार को बनमनखी स्थित वीर कुंवर सिंह स्मारक परिसर में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित होकर महान वीर को नमन किया।



कार्यक्रम की शुरुआत बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष चौरसिया द्वारा वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद समिति अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह ने झंडोत्तोलन कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वीर कुंवर सिंह का जीवन त्याग, पराक्रम और स्वाभिमान का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अस्सी वर्ष की आयु में भी अंग्रेजों के खिलाफ जिस साहस और रणनीति के साथ उन्होंने युद्ध किया, वह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके अदम्य साहस और देशभक्ति की भावना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी।

वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश की सेवा करने का संकल्प लें।

इस अवसर पर अवधेश साह, वीरेंद्र सिंह, विजय सिंह, शिव शंकर तिवारी, मंटू कुमार दास, आमोद सिंह, नवरत्न चौधरी, प्रमोद सिंह, नंटु कुमार, सन्नी कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

---

## शिक्षक प्रतिनिधि तरुण कुमार पासवान के पिता के निधन से शोक की लहर

**न्यूज स्केल बनमनखी**

पूर्णिया जिला शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं शिक्षक प्रतिनिधि तरुण कुमार पासवान के पिता दीप नारायण पासवान (82) का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों सहित शिक्षा जगत में गहरा दुःख व्याप्त है। स्वर्गीय दीप नारायण पासवान शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त थे और अनुशासित शिक्षक के रूप में जाने जाते थे। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे। वे दो बार ग्राम कचहरी के सरपंच रहे।



शिक्षक संघ की ओर से सुशील कुमार आर्य, अरुण आरुणि, नवीन पासवान, राकेश कुमार रोशन, दीप नारायण गुप्ता, प्रदीप कुमार यादव पहुंचे। बनमनखी शिक्षक संघ से मनोज कुमार यादव, नीतीश कुमार, मनीषी मुन्ना, ललन कुमार निराला, पंकज कुमार, अंजय कुमार सिंह (कुमोद सिंह), धीरज कुमार सिंह मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों में रमेश पासवान, संजय पासवान, जयचंद मंडल, प्रवेश कुमार रोशन (बबलू यादव), पूर्व विधायक दिलीप कुमार यादव एवं राजद जिला अध्यक्ष सहित कई लोग पहुंचे। सभी ने शोक व्यक्त किया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की गई।

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार को लेकर सिविल सर्जन का सख्त रुख, PHC श्रीनगर का औचक निरीक्षण

**न्यूज स्केल धमदाहा**

- साफ-सफाई, टीकाकरण और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) श्रीनगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला योजना समन्वयक सहित स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताते हुए इसे तत्काल सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने लेबर रूम, IPD, ऑपरेशन थियेटर (OT), दवा काउंटर, ड्रग स्टोर, एम्बुलेंस सेवा सहित सभी महत्वपूर्ण इकाइयों का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही वर्तमान एवं निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर संबंधित एजेंसी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।

स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन ने HPV वैक्सीनेशन और स्व-जनगणना (Self Enumeration) कार्यक्रम की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने लक्ष्यों के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए प्रखंड सामुदायिक प्रबंधक (BCM) को माइक्रो प्लान के तहत कार्य करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन झुन्निकला स्थित HPV टीकाकरण सत्र स्थल पर भी पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आकांक्षा, सीएचओ सरिता, एएनएम निभा और आशा फैसिलिटेटर उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि एक लाभार्थी का टीकाकरण किया जा चुका था तथा अन्य बच्चियों के आने की प्रक्रिया जारी थी। इस पर सिविल सर्जन ने टीकाकरण अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सिविल सर्जन ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर तक गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इसके लिए नियमित निगरानी, स्वच्छता, समयबद्ध टीकाकरण और आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और सरकार की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया।

यह निरीक्षण स्वास्थ्य विभाग की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करते हुए आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# "सही पोषण—देश रोशन : पूर्णिया में पोषण पखवाड़ा का भव्य समापन, जागरूकता की नई लहर"

**न्यूज स्केल पूर्णिया**





जिले में 9 अप्रैल से चल रहा पोषण पखवाड़ा 23 अप्रैल को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार के निर्देश एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सुगंधा शर्मा के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्रों पर 15 दिनों तक माइक्रोप्लान के अनुसार विविध जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। समापन अवसर पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (VHSND), पोषण रैली, वृद्धि निगरानी, कहानी सत्र, परिवार आधारित गतिविधियां, खिलौना दान अभियान और पोषण मेला का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कुपोषण से बचाव, संतुलित आहार और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया।

रैलियों और पदयात्राओं के जरिए "बचपन के 1000 दिन", एनीमिया, दस्त और स्वच्छता जैसे संदेशों का प्रसार हुआ। कहानी सत्रों ने बच्चों के सीखने को रोचक बनाया, वहीं पोषण मेले में स्थानीय स्तर पर तैयार व्यंजनों और नारों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अभियान का संदेश "सही पोषण, देश रोशन" पूरे जिले में गूंजता रहा।

# पूर्णिया के दनसार में विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप; पति समेत पूरा ससुराल फरार

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



जलालगढ़ थाना क्षेत्र के दनसार गांव में 35 वर्षीय विवाहिता चांदनी देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद से ही उसका पति अरविंद यादव उर्फ टूलो यादव और ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर में ताला लगाकर फरार हैं। मायके पक्ष ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि 2 लाख रुपये दहेज के लिए की गई हत्या बताया है।

मृतका अररिया जिले के गैयारी गांव की रहने वाली थी और उसकी शादी करीब 15 साल पहले दनसार गांव में हुई थी। परिजनों का आरोप है कि पति शराबी का आदि था और लगातार पैसों की मांग कर चांदनी के साथ मारपीट करता था। कुछ दिन पहले दहेज को लेकर हुए विवाद के बाद वह मायके चली गई थी, लेकिन परिवार के समझाने पर दो दिन पहले ही वापस ससुराल लौटी थी।

परिजनों के अनुसार, ससुराल पक्ष ने फोन कर बताया कि उसकी तबीयत खराब है और वह अस्पताल में भर्ती है। जब मायके वाले पूर्णिया सदर अस्पताल पहुंचे तो उसकी हालत गंभीर थी। डॉक्टरों ने रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शरीर पर चोट के निशान होने का दावा किया है और हत्या की आशंका जताई है।

मृतका का 12 वर्षीय बेटा ननिहाल में रह रहा है और उसने भी घर में हिंसा होने की बात कही है।

थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पति समेत सभी फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे।

# सरसी में विराट महाविष्णु महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, भक्ति और आस्था से सराबोर हुआ क्षेत्र

**न्यूज स्केल बनमनखी**





सरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाल भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में गुरुवार को आठ दिवसीय विराट महाविष्णु महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। सुबह 9 बजे गाजे-बाजे और आकर्षक झांकियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों कुंवारी कन्याएं एवं महिलाएं पवधई नदी से जल भरकर नगर भ्रमण पर निकलीं। पूरा क्षेत्र भक्ति और आस्था से सराबोर हो गया।

**मंत्री ने किया उद्घाटन, हुई विधिवत पूजा-अर्चना**

महायज्ञ का उद्घाटन धमदाहा विधायक पूर्व मंत्री लेशी सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान संत श्री तिवारी बाबाजी महाराज एवं कथा वाचिका रश्मि मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई। सरसी बाजार स्थित हनुमान मंदिर एवं ठाकुरबाड़ी में राम दरबार की प्रतिमाओं की स्थापना भी की गई।

**सुरक्षा व्यवस्था व सेवा शिविरों की विशेष व्यवस्था**

कार्यक्रम स्थल पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पानी, शरबत, खीर एवं मेडिकल शिविर की व्यवस्था की गई। यज्ञ में 65 देवी-देवताओं की सजीव प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

**आठ दिवसीय कथा व सांस्कृतिक कार्यक्रम**

प्रतिदिन संध्या 4 बजे से 9 बजे तक श्रीराम कथा, रामधुन, रासलीला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक बना हुआ है। यह आयोजन सनातन संस्कृति और सामूहिक आस्था का अनुपम उदाहरण बन गया है।

# रुपौली में पोषण पखवाड़ा के तहत सजा पोषण मेला, सेहतमंद जीवन का दिया संदेश

**न्यूज स्केल रुपौली**





रुपौली प्रखंड मुख्यालय स्थित फैसिलिटी भवन में गुरुवार को पोषण पखवाड़ा के तहत परियोजना स्तरीय पोषण मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास परियोजना कार्यालय, रुपौली द्वारा किया गया, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरविंद कुमार एवं सीडीपीओ पुष्पा रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया।

पोषण मेले में आकर्षक रंगोली और सजावट ने लोगों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण को दूर करना और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना रहा।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं को पोषक तत्वों की जानकारी दी गई तथा हरी साग-सब्जियों में पाए जाने वाले विटामिन और मिनरल के महत्व को विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही नियमित रूप से हरी सब्जियों के सेवन, स्वच्छता और साफ-सफाई के महत्व पर भी जोर दिया गया। सीडीपीओ पुष्पा रानी ने बताया कि पोषण से संबंधित सभी गतिविधियों को जन आंदोलन डैशबोर्ड पर डिजिटल रूप से दर्ज किया जा रहा है, जिससे योजनाओं की निगरानी और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

इस अवसर पर महिला सुपरवाइजर सरिता कुमारी, बबीता कुमारी, पूनम कुमारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर दिलीप कुमार सहित कई सेविकाएं एवं लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने लोगों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

# बेला रिकाबगंज पंचायत में विकास कार्यों की जांच, डीआरडीए निदेशक ने दिए सख्त निर्देश

**न्यूज स्केल हरदा /केनगर**

- निर्माणाधीन पंचायत भवन, स्वास्थ्य सेवाएं और आवास योजना का लिया जायजा, प्रगति तेज करने पर जोर



पूर्णिया जिले के केनगर प्रखंड अंतर्गत बेला रिकाबगंज पंचायत में विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लेने के लिए डीआरडीए निदेशक अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत के वार्ड संख्या 1 में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में निदेशक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी पहुंचे, जहां उन्होंने उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने एएनएम उर्मिला, कोमल और ऊषा से बातचीत कर सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

इसके अलावा उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निरीक्षण करते हुए पंचायत स्वच्छता समन्वयक संजीव कुमार को साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। निदेशक ने पंचायत के विभिन्न वार्डों में जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जियो टैग किए गए लाभार्थियों के घरों का भी निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि बिहार सरकार के प्रधान सचिव के निर्देश पर नोडल अधिकारियों द्वारा पंचायतों में चल रही विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की लगातार जांच की जा रही है। इस मौके पर पंचायत के विभिन्न विभागों के अधिकारी और सचिव भी मौजूद रहे।

# अमौर में नल-जल योजना लड़खड़ाई, करोड़ों खर्च के बावजूद जलापूर्ति ठप :तपती गर्मी ने महशुस करायी कमी

**न्यूज स्केल अमौर**

- बंद पड़े प्लांट, टूटी पाइपलाइन और भुगतान संकट से प्रभावित व्यवस्था; जांच की मांग तेज



राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना अमौर प्रखंड में अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद कई वार्डों और पंचायतों में नियमित जलापूर्ति बाधित है। जमीनी स्थिति यह है कि प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई जलमीनार और प्लांट निष्क्रिय पड़े हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कहीं बिजली बिल भुगतान न होने से प्लांट बंद हैं तो कहीं पंप चालकों को मानदेय नहीं मिलने के कारण संचालन ठप है। कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी घरों तक पहुंचने के बजाय सड़कों पर बह रहा है। वार्ड 7 और 8 के निवासियों का कहना है कि उन्हें अब भी पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

वहीं, विभागीय स्तर पर व्यवस्था को सुचारु बताया जा रहा है, जिससे जमीनी हकीकत और सरकारी दावों के बीच अंतर स्पष्ट दिखता है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। यह स्थिति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# रहस्यमय परिस्थितियों में 21 वर्षीय युवती लापता,जांच मर जुटी पुलिस

**न्यूज स्केल बैसा**

- घर से सामान लेने निकली थी युवती, मोबाइल बंद; पुलिस ने शुरू की जांच, लोगों से सहयोग की अपील



फोटो: लापता युवती

बैसा प्रखंड के रौटा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 21 वर्षीय युवती के अचानक लापता हो जाने से इलाके में सनसनी और चिंता का माहौल है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, पंचायत रायबेर वार्ड संख्या-10 निवासी दिलरानी (21 वर्ष) बीते 16 अप्रैल 2026 की शाम करीब 5 बजे अपने घर से पास की एक दुकान पर सामान लेने के लिए निकली थी। हालांकि, काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई।

परिजनों ने युवती के मोबाइल पर कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद मिला। इसके बाद रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी तलाश की गई, मगर अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। लापता युवती का रंग गोरा, कद लगभग 5 फीट बताया गया है। घटना के समय वह काला-लाल रंग का सलवार-सूट पहने हुई थी।

इस मामले में रौटा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि यदि किसी को युवती के संबंध में कोई जानकारी मिले, तो तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस अधिकारियों को सूचित करें।

# आंगनबाड़ी सेविका कौशल्या देवी के निधन से क्षेत्र शोकाकुल

**न्यूज स्केल अमौर**

- कौशल्या देवी कर्तव्यनिष्ठा और मृदुभाषी स्वभाव के लिए थीं प्रसिद्ध, अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब



प्रखंड के रंगरैया लाल टोली पंचायत अंतर्गत छोटा लाल टोली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 27 की सेविका कौशल्या देवी के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। उनके निधन पर प्रखंड की सेविकाओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गहरी संवेदना व्यक्त की।

सेविका संघ के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जमील अख्तर ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कौशल्या देवी अत्यंत मृदुभाषी, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ महिला थीं। वे हमेशा समय पर केंद्र का संचालन करती थीं और अपने कार्यकाल में पंचायत से लेकर पोषक क्षेत्र तक किसी को शिकायत का अवसर नहीं दिया। उनका जीवन अन्य सेविकाओं के लिए प्रेरणा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वे समाज सेवा में हमेशा सक्रिय रहती थीं। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

इस दुखद अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) अमृता वर्मा, महिला पर्यवेक्षिका (एलएस) और कार्यपालक सहायक ने संयुक्त रूप से संवेदना व्यक्त करते हुए इसे विभाग और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। वहीं, प्रखंड की दर्जनों सेविकाओं ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# बैसा में मनाया गया पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम

**न्यूज स्केल बैसा**



आंगनबाड़ी केंद्रों पर पिछले कई दिनों से चल रहा 'पोषण पखवाड़ा' गुरुवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हो गया। प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी - सीमा कुमारी की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य और सही खान-पान के प्रति जागरूक करना था। समारोह के दौरान सीडीपीओ ने बताया कि इस 15 दिवसीय अभियान के तहत विभिन्न चरणों में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाई गई। केंद्र पर एक पोषण स्टॉल भी लगाया गया था। जहाँ विभिन्न प्रकार के फलों और पौष्टिक खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी की गई। उपस्थित लोगों को विस्तार से समझाया गया। कि किस फल या सब्जी के सेवन से शरीर को क्या लाभ मिलते हैं। सामग्री का वितरण कार्यक्रम के अंतिम दिन पोषण पखवाड़ा से संबंधित आवश्यक सामग्रियों का वितरण भी किया गया। सीडीपीओ सीमा कुमारी ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "स्वस्थ शरीर ही सुखी जीवन का आधार है। लोग अपने दैनिक आहार में फलों और पोषक तत्वों को अनिवार्य रूप से शामिल करें ताकि कुपोषण को जड़ से मिटाया जा सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। जिन्होंने भविष्य में भी इन स्वास्थ्य सुझावों को अपनाने का संकल्प लिया।

# भीषण गर्मी में जलापूर्ति पर सख्त नजर, अधिकारियों को दिए गए स्पष्ट निर्देश

**न्यूज़ स्केल भागलपुर,**






गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भागलपुर के समीक्षा भवन में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विशेष सचिव श्री संजीव कुमार ने की, जिसमें जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं उप विकास आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सिंह सहित विभागीय अधिकारियों और संवेदकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में जिले में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करना रहा।

CGRC **पोर्टल की शिकायतों की हुई विस्तृत समीक्षा**: बैठक में CGRC पोर्टल पर दर्ज नल-जल योजना से संबंधित शिकायतों की भी समीक्षा की गई। विशेष सचिव ने प्रत्येक शिकायत की स्थिति की जानकारी ली और अब तक की गई कार्रवाई का आकलन किया। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी प्रमंडल में 26 और पूर्वी प्रमंडल में 37 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिन पर कार्रवाई जारी है। सचिव ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।

**जलापूर्ति बाधित न हो, हर स्तर पर सतर्कता जरूरी**: विशेष सचिव ने अधीक्षण अभियंता और दोनों प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जलापूर्ति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के दौरान पानी की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में तकनीकी और प्रबंधन स्तर पर पूरी तैयारी जरूरी है। सभी अभियंताओं को नियमित मॉनिटरिंग और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

**जिलाधिकारी ने संवेदकों को दी जिम्मेदारी की याद दिलाई**: जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बैठक में मौजूद सभी संवेदकों को विशेष रूप से सचेत करते हुए कहा कि वे अपने कार्यों के प्रति पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से काम करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जलापूर्ति से जुड़ी किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**समन्वय और त्वरित कार्रवाई पर जोर**: बैठक के अंत में सभी अधिकारियों और संवेदकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया देने का निर्देश दिया गया। स्पष्ट किया गया कि जलापूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# सैंडिस कंपाउंड में सौर मेला का उद्घाटन

**न्यूज़ स्केल भागलपुर,**

**01: 1 से 3 केवी तक सोलर पैनल पर 30,000 से 78,000 तक सब्सिडी दी जा रही है।**

-----------------

**02: पक्का मकान और बिजली कनेक्शन वाले नागरिक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।**

-----------------




शहर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित सौर मेला का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना और सरकार की योजनाओं से जोड़ना रहा।

**पीएम सूर्य घर योजना की विशेषताएं**: मेला में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लिए 1 केवी पर ₹30,000, 2 केवी पर ₹60,000 और 3 केवी तक ₹78,000 की सब्सिडी दी जा रही है।

**आवेदन प्रक्रिया और पात्रता** जिन नागरिकों के पास पक्का मकान और बिजली कनेक्शन है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति pmsuryaghar.gov.in पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेले में उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को आवेदन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी।

**31 लाभुकों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित**: कार्यक्रम के दौरान 31 आवेदकों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इनमें भारतीय स्टेट बैंक के 8, यूको बैंक के 6, पंजाब नेशनल बैंक के 4, बैंक ऑफ इंडिया के 4, यूनियन बैंक के 5 और इंडियन बैंक के 4 लाभुक शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बैंकों को कम से कम 100 लोगों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया।

# डीएम ने की लघु जल संसाधन विभाग की योजनाओं की समीक्षा,समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश

**न्यूज़ स्केल अररिया**



जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु जल संसाधन विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्य प्रगति एवं क्रियान्वयन की गुणवत्ता का विस्तृत आकलन किया गया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

**सिंचाई योजनाओं की स्थिति पर चर्चा**: उद्धवह सिंचाई योजना एवं "हर खेत तक सिंचाई का पानी" योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाना प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि किसानों को समय पर पानी उपलब्ध हो सके। जल-जीवन-हरियाली अभियान की प्रगति जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पोखर, जलकर और पईन जैसी संरचनाओं के निर्माण एवं जीर्णोद्धार की स्थिति पर भी चर्चा हुई। डीएम ने इन योजनाओं को पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

**नियमित निरीक्षण और जवाबदेही के निर्देश**: डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न रहे। बैठक में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल सहित संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**राजकीय एवं निजी नलकूप योजनाओं पर जोर**: समीक्षा के दौरान राजकीय नलकूप योजना एवं मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले, इसके लिए लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए।

# किशनगंज में क्लास के दौरान शिक्षकों के मोबाइल उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

**न्यूज़ स्केल किशनगंज**



सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। जिलाधिकारी विशाल राज ने ड्यूटी के दौरान शिक्षकों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में जारी निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा के दौरान किसी भी शिक्षक को मोबाइल फोन का उपयोग करते पाए जाने पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई शिक्षक पढ़ाने के दौरान मोबाइल फोन में व्यस्त रहते हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेश में सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने विद्यालयों में इस आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि कक्षा के दौरान मोबाइल का उपयोग अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाएगा।

डीएम ने चेतावनी दी है कि यदि किसी शिक्षक का कक्षा में मोबाइल इस्तेमाल करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता है या निरीक्षण के दौरान ऐसा पाया जाता है, तो संबंधित शिक्षक के विरुद्ध सीधे विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों से भी जवाब-तलब किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षकों से स्कूल समय में पूरी गंभीरता के साथ शिक्षण कार्य करने तथा तकनीक का उपयोग केवल शैक्षणिक उद्देश्यों तक सीमित रखने की अपील की गई है। जिला प्रशासन के इस आदेश के बाद शिक्षा विभाग में हलचल तेज हो गई है। प्रशासन को उम्मीद है कि इस फैसले से सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिल सकेगा।


# पंचायत चुनाव की तैयारी, गैस आपूर्ति एवं विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**न्यूज़ स्केल अररिया**



जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत चुनाव की तैयारियों, गैस आपूर्ति व्यवस्था तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। पंचायत चुनाव के तहत प्रपत्र-1 के प्रकाशन एवं उसकी प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता और शुद्धता के साथ संपन्न किए जाएं। उन्होंने एसआईआर के दौरान चिन्हित मृत्यु मामलों के आधार पर विभिन्न योजनाओं में लाभुकों के नाम विलोपन की स्थिति की भी समीक्षा की। इस दौरान राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं आयुष्मान भारत योजना से मृत व्यक्तियों के नाम शीघ्र हटाने के निर्देश दिए गए, ताकि वास्तविक लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी क्षेत्रों में समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा डिलीवरी क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही, बायोमैट्रिक उपस्थिति की समीक्षा कर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए।

# दहेज के लिए विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या, किशनगंज में सनसनी



**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता की कथित रूप से बेरहमी से पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई।

घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतका की पहचान जीनत जबी के रूप में हुई है, जिनकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व कोचाधामन थाना क्षेत्र के कलकली गांव निवासी दानिश आलम से हुई थी।

परिजनों का आरोप है कि शादी के समय ही ससुराल पक्ष द्वारा भारी दहेज की मांग की गई थी। आरोप है कि दानिश आलम, उनकी मां अनीसा बेगम, भाई रब्बानी, बहन सहनसबी और जीजा मनवर ने मिलकर मोटरसाइकिल के लिए एक लाख रुपये, डेढ़ भर सोना, 26 भर चांदी के जेवर व फर्नीचर सहित लगभग पांच लाख रुपये दहेज के रूप में लिया था। इसके बावजूद शादी के कुछ ही महीनों बाद से जीनत जबी पर मायके से अतिरिक्त पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाया जाने लगा। परिजनों के अनुसार मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को भोजन से वंचित रखा जाता था तथा लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था।

इस संबंध में कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल पक्ष के रवैये में कोई सुधार नहीं हुआ। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि 10 अप्रैल 2026 को सभी नामजद आरोपियों ने मिलकर जीनत जबी की डंडा, लाठी व जूतों से बेरहमी से पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल अवस्था में उन्हें चूरीपट्टी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर, मृतका की मां सहनाज बेगम के आवेदन पर कोचाधामन थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। परिजनों ने इसे दहेज हत्या बताते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# जमीन विवाद में मारपीट, चार लोग घायल

**न्यूज़ स्केल भागलपुर**



जिले के झंडापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरियो गांव में जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प में घायल उदय पासवान (पिता स्वर्गीय बेचू पासवान) समेत कुल चार लोगों को गुरुवार को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि यह विवाद लंबे समय से चला आ रहा है और वर्ष 2009 से न्यायालय में टाइटल सूट लंबित है, बावजूद इसके विपक्षी पक्ष द्वारा लगातार विवादित जमीन पर कब्जे की कोशिश की जा रही है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कुछ लोग जबरन उदय पासवान की पैतृक जमीन पर पहुंचे और वहां खंभा-खूंटी गाड़कर काम शुरू करने लगे। जब उदय पासवान ने इसका विरोध किया, तो लगभग 6 से 7 लोगों ने मिलकर उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान उदय पासवान सहित चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया गया, लेकिन तब तक घायलों को गंभीर चोटें आ चुकी थीं। घटना के बाद सभी घायल झंडापुर थाना पहुंचे, जहां से पुलिस ने उन्हें तत्काल इलाज कराने की सलाह दी।

आरोप है कि थाना द्वारा किसी प्रकार का इंजरी रिपोर्ट या प्राथमिक कागजी कार्रवाई नहीं की गई और सीधे अस्पताल जाने को कहा गया। इससे पीड़ित पक्ष में नाराजगी देखी जा रही है। वर्तमान में सभी घायलों का इलाज भागलपुर के मायागंज अस्पताल में चल रहा है। जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है।

पीड़ित परिवार का कहना है कि जब मामला पहले से ही न्यायालय में लंबित है, तब भी विपक्षी पक्ष द्वारा कानून को हाथ में लेकर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है, जो बेहद गंभीर विषय है। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला, एक की मौत, दो गंभीर



**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले के पोठिया प्रखंड अंतर्गत शीतलपुर पंचायत में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार मैनुल हक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर आगजनी करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, कोल्था पंचायत के ग्रहणखोदा वार्ड संख्या 08 निवासी मैनुल हक अपनी 6 वर्षीय नातिन अरसिफा और जलालुद्दीन के साथ इस्लामपुर इलाज कराने जा रहे थे। अरसिफा का हाथ टूटा हुआ था। सुबह करीब 8 बजे शीतलपुर चौक पर पीछे से आ रहे बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को कुचल दिया। इस हादसे में मैनुल हक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इस्लामपुर भेजा गया, जहां से जलालुद्दीन की हालत नाजुक होने पर उसे किशनगंज के एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया। मृतक के भाई मोहम्मद सुकुल ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर चालक बालू माफिया से जुड़ा था और पुलिस से बचने के प्रयास में तेज गति से भाग रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शीतलपुर चौक पर 112 नंबर पुलिस वाहन को देखकर चालक ने भागने की कोशिश की और इसी दौरान बाइक को कुचलते हुए फरार हो गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र के चौकीदार नूर मोहम्मद का था। चालक घटना के बाद ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया, जिसे ग्रामीणों ने कब्जे में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बल्दियाहाट सड़क को जाम कर आगजनी की और बालू माफिया पर कार्रवाई तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। जिला परिषद प्रतिनिधि इनामुल हक ने इस घटना के लिए प्रशासनिक लापरवाही और बालू माफिया की दबंगई को जिम्मेदार ठहराया। वहीं मृतक की पत्नी नैरूतीन बेगम ने परिवार के समक्ष उत्पन्न आर्थिक संकट को देखते हुए प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई। मौके पर पहुंचे एसडीपीओ मंगलेश कुमार सिंह ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। पोठिया सीओ जव्वाद आलम ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने की बात कही। प्रशासन के समझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# वीरपुर में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और डीजीपी विनय कुमार का दौरा, इंडो-नेपाल सीमा सुरक्षा और विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**न्यूज स्केल, सुपौल**





जिले के वीरपुर में राज्य सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार विशेष कार्यक्रम के तहत वीरपुर पहुंचे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का हेलीकॉप्टर से आगमन हुआ, जहां जिला प्रशासन ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सुपौल पुलिस की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।
इस दौरे का मुख्य उद्देश्य इंडो-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना तथा जिले में चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों को गति देना बताया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। कोसी मेची लिंक योजना के प्रगति की भी जानकारी ली गई।वीरपुर पहुंचने के बाद मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सीधे फिजिकल मॉडलिंग

- कोसी मेची लिंक योजना की प्रगति की जानकारी ली गई
- फिजिकल मॉडलिंग सेंटर में उच्च स्तरीय बैठक
- आयोजित आयुक्त, डीएम,
- एसपी, एसएसबी सहित कई अधिकारी मौजूद
- सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और विकास पर विस्तृत चर्चा

सेंटर पहुंचे, जहां एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोसी प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार, सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरथ आरएस और एसएसबी के डीआईजी मधुकर अमिताभ ,डीडीसी सारा अशरफ सहित जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास, क्षेत्रीय प्रगति और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ रणनीतिक मंथन किया गया। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।
बैठक के बाद जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि मुख्य सचिव ने कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने फिजिकल मॉडलिंग सेंटर के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने और वीरपुर हवाई अड्डा के विकास कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर समाप्त करने का आदेश दिया। साथ ही कोसी क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण की स्थिति की भी समीक्षा की गई, ताकि भविष्य में संभावित आपदाओं से प्रभावी तरीके से निपटा जा सके।बैठक समाप्त होने के बाद मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और डीजीपी विनय कुमार हेलीकॉप्टर से पटना के लिए रवाना हो गए।

## बाजार स्थित शिव मंदिर से पीतल की घंटी चोरी, लोगों में आक्रोश

**न्यूज स्केल, प्रतापगंज**



प्रखंड क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब चोरों का तांडव मंदिरों तक पहुंच गया है। बुधवार की रात बाजार स्थित शिव मंदिर में चोरों ने पिछवाड़े से प्रवेश कर हनुमान प्रतिमा के सामने लगी पीतल की घंटी चुरा ली।
घटना की जानकारी गुरुवार सुबह उस समय हुई, जब शिव भक्त मंदिर की साफ-सफाई और पूजा करने पहुंचे। उन्होंने देखा कि हनुमान प्रतिमा के सामने लगी घंटी गायब है।
सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए और मामले को लेकर नाराजगी जताई।
स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पूर्व भी मंदिर परिसर से कन्हैया की एक छोटी मार्बल की मूर्ति चोरी हो चुकी है।
लगातार हो रही इन घटनाओं से लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है।
ग्रामीणों का आरोप है कि प्रखंड क्षेत्र में सक्रिय स्मैकर गैंग इस तरह की चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है।
घटना की सूचना पर अवर निरीक्षक लालाकुमार मौके पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने भी आशंका जताई कि इस तरह की घटनाओं में नशेड़ियों का हाथ हो सकता है। साथ ही उन्होंने मंदिर के पिछवाड़े की दीवार पर ग्रिल लगाने की आवश्यकता बताई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।
पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि चोरी करने वाले गिरोह की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## एनएच -27 पर राघोपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: असम नंबर की कार से भारी मात्रा में बीयर बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**न्यूज स्केल, राघोपुर**




जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने असम नंबर की एक कार से भारी मात्रा में बीयर बरामद की है, जिसे अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। इस कार्रवाई को इलाके में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।
मिली जानकारी के अनुसार, राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय को गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच-27 के रास्ते प्रतापगंज की ओर से एक संदिग्ध कार में शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने गश्ती दल को सतर्क कर जांच अभियान शुरू किया। टीम में पटीसी सुधीर कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।
पुलिस ने सिमराही मेन चौक के पास संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने कार का पीछा किया और काफी मशक्कत के बाद एनएच-27 स्थित धर्मपट्टी पेट्रोल पंप के पास वाहन को घेरकर पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर कार से भारी मात्रा में बीयर के कैन बरामद किए गए। मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसकी पहचान पुलिस द्वारा कर ली गई है। फिलहाल उसे थाना लाकर पूछताछ की जा रही है।
पुलिस ने बरामद बीयर की गिनती कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। राघोपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## सिविल सर्जन ने वीरपुर अनुमंडल अस्पताल और एएनएम ट्रेनिंग स्कूल का किया निरीक्षण



**न्यूज स्केल, सुपौल**

जिले के सिविल सर्जन डॉ. बाबू साहेब झा ने गुरुवार को वीरपुर अनुमंडल अस्पताल और एएनएम ट्रेनिंग स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों के उपचार, साफ-सफाई और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों को समय पर बेहतर इलाज और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और व्यवस्थाओं को और बेहतर करने पर जोर दिया।
निरीक्षण के क्रम में सीएस ने एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की व्यवस्था भी देखी और प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और छात्राओं की उपस्थिति को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## कोसी नदी में नहाने के दौरान चार बच्ची डूबी , तीन की मौत, एक बच्ची लापता ,तलाश जारी, परिजनों में मचा कोहराम, मृतक के परिजनों को 4 - 4 लाख रुपये का दिया चेक

**न्यूज स्केल, सुपौल**







सुपौल थाना क्षेत्र में कोसी नदी में बड़ा हादसा हुआ है जहां नहाने के दौरान चार बच्चियां कोसी नदी में डूब गई, तीन बच्चियों का शव बरामद किया गया है, एक बच्ची अब भी लापता है जिसकी तलाश की जा रही है, घटना के बाद प्रशासन की टीम पहुँच गई है और मामले की जांच में जुट गई है। सदर अंचल प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 4 - 4 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।
यह घटना सदर थाना क्षेत्र के गोपालपुर सिरे पंचायत के वार्ड संख्या 2 की बताई जा रही है। बताया गया है की चार बच्चियां कोसी नदी में नहाने गई थी, नदी की तेज धारा के कारण चारों बच्चियां नदी में डूब गई, जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने बच्चियों की तलाश शुरू की तो तीन बच्चियों की डूबने से मौत हो चुकी थी। तीनों बच्चियों का शव बरामद कर लिया गया है, एक बच्ची अब भी कोसी नदी में लापता है जिसकी तलाश स्थानीय गौतखोर द्वारा की जा रही है।
घटना के बाद एक तरफ जहां परिजनों में कोहराम मच गया है वहीं गांव में सन्नाटा पसर गया है, बताया जा रहा है की कोसी नदी में डूबी सभी बच्चियों की उम्र दस से 15 साल के करीब है, मृतक बच्चियों की पहचान पप्पू राम की 12 वर्षीय पुत्री प्रियांशु कुमारी, प्रमोद सादा की 12 वर्षीय पुत्री सुनीता कुमारी और ललित सादा की 10 वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी के रूप में हुई है। जबकि लापता बच्ची का नाम लाल सादा की 10 वर्षीय पुत्री राधिका कुमारी बताया गया है, बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंची सदर पुलिस तीनों बच्चियों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज घटना की जांच शुरू कर दी है।
इधर कोसी नदी में लापता एक बच्ची की तलाश स्थानीय



गौतखोर के द्वारा किया जा रहा है.सदर थानाध्यक्ष रामसेवक रावत ने बताया की तीन बच्चियों का शव बरामद हुआ है जिसे पोस्टमार्टम करा कर परिवार वाले को सौंप दिया गया है।घटना की जांच की जा रही है। गोताखोरों ने गुरुवार को भी लापता बच्ची की खोजबीन में जुटी हुई है।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पहली बरसी पर युवा मोर्चा ने दी श्रद्धांजलि



**न्यूज स्केल, सुपौल**

22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पहली बरसी पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा नितमाया बैंक्विट एंड होटल में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा के अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।
पिछले वर्ष हुए पहलगाम आतंकी हमले में उन सभी निर्दोष लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने इस कायरता पूर्ण हमले में अपनी जान गवाई।
जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा ने कहा की यह दिन हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े रहने और देश की एकता व सुरक्षा के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत करने की शक्ति देता है। हम इस संवेदनहिन आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं वे केवल छुट्टियां मनाने आए थे फिर भी उन्हें बेरहमी से निशाना बनाया गया और मार डाला गया पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ा है।
उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है, जिसके खिलाफ हमें एकजुट होकर लड़ना और उसे हराना होगा।
श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री आलोक कुमार, राजेश कुमार साह ,जिला मंत्री मनीष कुशवाहा ,जिला कोषाध्यक्ष राजेश कुमार मल्लिक, जिला उपाध्यक्ष, रूबी जायसवाल ,अभिमन्यु पासवान, शिवा कुमार, किशोर कुमार, रामप्रवेश कुमार, सोनी देवी ,कविता देवी ,ममता देवी, रीना कुमारी ,तारा देवी सरिता देवी, लक्ष्मी कुमारी, धीरेंद्र झा, अशोक कुमार, शिवम कुमार ,दिवाकर कुमार ,रितेश मिश्रा, मोहम्मद असलम मनीष कुमार ,रोशन कुमार, पिंकी देवी, मुन्नी देवी ,कंचन कुमारी, रंजन देवी, नूतन देवी ,मंजूषा देवी ,हरिशंकर कुमार आदि उपस्थित थे

## राघोपुर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर टेंट में घुसी, दो युवक घायल

**न्यूज स्केल, राघोपुर**



जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने असम नंबर की एक कार से भारी मात्रा में बीयर बरामद की है, जिसे अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। इस कार्रवाई को इलाके में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।
मिली जानकारी के अनुसार, राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय को गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच-27 के रास्ते प्रतापगंज की ओर से एक संदिग्ध कार में शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने गश्ती दल को सतर्क कर जांच अभियान शुरू किया। टीम में पटीसी सुधीर कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।
पुलिस ने सिमराही मेन चौक के पास संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने कार का पीछा किया और काफी मशक्कत के बाद एनएच-27 स्थित धर्मपट्टी पेट्रोल पंप के पास वाहन को घेरकर पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर कार से भारी मात्रा में बीयर के कैन बरामद किए गए। मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसकी पहचान पुलिस द्वारा कर ली गई है। फिलहाल उसे थाना लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बरामद बीयर की गिनती कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। राघोपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## छातापुर में मारपीट कर किया जख्मी , इलाजरत

**न्यूज स्केल, छातापुर।**



मारपीट एवं छीना झपटी को लेकर तीन लोगों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज किया गया है। वहीं घटना को लेकर दिए गए आवेदन में रामपुर पंचायत के वार्ड तीन निवासी रूपेश कुमार मिश्रा ने बताया है कि 20 अप्रैल 2026 को अहले सुबह साढ़े चार बजे के करीब मेरा बड़ा भाई राजेश कुमार मिश्रा बीपीआरओ की परीक्षा देने अपने बाइक से अररिया जा रहे थे, रास्ते में डहरिया स्कूल चौक के समीप एचएच 91 पर रोड के बीचों बीच अचानक भैंस का झुंड आ गया, हॉर्न बजाने पर भैंस का झुंड तीतर बितर हो गया, उसी आवेश में सुभाष कुमार यादव और विभाष कुमार यादव , सीताराम यादव साकिन डहरिया वार्ड 10 आया और भाई घेर लिया, और नाम पूछा नाम बतलाने पर जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए लाठी डंडे एवं लोहे की रड से प्रहार कर भाई को बुरी तरह जख्मी कर दिया। जिससे भाई के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई और बाएं हाथ का पंजा भी फेक्क्चर हो गया। जब भाई बेहोश होकर गिर गया तब उनलोगों ने मेरे भाई के गले से सोने का चेन जिसका वजन सवा भरी मूल्य लगभग दो लाख रुपए वहीं पॉकेट में रखे तीस हजार नगद भी निकालकर बाइक छीन लिया और गाली गलौज करते हुए बोला जहां जाना है जाओ मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। बाद घटना की जानकारी छातापुर थाना को दी गई, जहां थाना से बिना देर किए डायल 112 की गाड़ी के साथ एसआई सुधीर कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे, जहां बाइक को बरामद किया गया और थाना ले आया गया।
घटना के बाद इलाज के लिए सीएचसी छातापुर लाया, जहां डॉक्टर ने डिजिटल एक्सरे के नाम पर पूर्णिया रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है है। जिसके चलते थाना में आवेदन देने में विलंब हुआ। वहीं पीड़ित ने मामले में दोषियों के विरुद्ध जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई करने की छातापुर थाना पुलिस से गुहार लगाई है।

# नालंदा में पेट्रोल-डीजल व एलपीजी आपूर्ति पर डीएम की समीक्षा बैठक

न्यूज स्केल नालंदा।

वर्तमान एलपीजी बैकलॉग 4.3 है, जिसे 3 से नीचे लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में PNG पाइपलाइन का विस्तार तेजी से जारी है।

जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां PNG कनेक्शन लेना अनिवार्य किया गया है।





जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिले में रसोई गैस की कमी एवं पेट्रोल पंप बंद होने की सूचना के मद्देनजर तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में आईओसीएल और बीपीसीएल के प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य है और कोई बड़ी समस्या नहीं है।

**एचपीसीएल पंपों में आई अस्थायी बाधा:** एचपीसीएल के तीन पेट्रोल पंपों—सुदामा सर्विस स्टेशन, नालंदा सर्विस स्टेशन एवं धनवंती फ्यूल्स—पर लोडिंग में तकनीकी समस्या के कारण अस्थायी बाधा उत्पन्न हुई थी। वहीं बेचन माधुरी एचपी एवं केदारनाथ फ्यूल्स में आंतरिक कारणों से संचालन प्रभावित हुआ।

**आपूर्ति बहाल करने की प्रक्रिया तेज:** सेल्स ऑफिसर के अनुसार नालंदा सर्विस स्टेशन को 12 हजार लीटर तेल उपलब्ध कराकर पुनः संचालन शुरू करा दिया गया है। वहीं सुदामा सर्विस स्टेशन और धनवंती फ्यूल्स को 18-18 हजार लीटर पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति दी गई है, जिससे शीघ्र ही दोनों पंप भी कार्यरत हो जाएंगे।

**एलपीजी आपूर्ति व बैकलॉग पर निर्देश:** नोडल पदाधिकारी एलपीजी ने बताया कि जिले में 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8839 घरेलू सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। वर्तमान में बैकलॉग 4.3 है, जिसे हर हाल में 3 से कम करने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया है।

**PNG कनेक्शन और सख्त कार्रवाई के निर्देश:** डीएम ने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में PNG पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है और संबंधित क्षेत्रों में कनेक्शन लेना अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर-06112-233168) की जानकारी देते हुए जमाखोरी, कालाबाजारी एवं घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# जिले में एलपीजी आपूर्ति दुरुस्त करने को 42 स्थानों पर छापेमारी

न्यूज स्केल बेतिया





अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिलाधिकारी तरन जोत सिंह के निर्देश पर पूरे जिले में सुचारू एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 42 स्थानों पर छापेमारी की गई। इस कार्रवाई का उद्देश्य गैस वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकना और उपभोक्ताओं को समय पर सेवा उपलब्ध कराना है।

**बैकलॉग कम करने के निर्देश** अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से निरीक्षण और मॉनिटरिंग करें, ताकि लंबित मामलों (बैकलॉग) को जल्द से जल्द समाप्त किया जा सके। प्रशासन हर स्तर पर कड़ी निगरानी रख रहा है, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

**पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध गैस सिलेंडर:** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिले में एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वर्तमान में 14.2 किलोग्राम के 26,428 घरेलू सिलेंडर और 19 किलोग्राम के 1,219 वाणिज्यिक सिलेंडर मौजूद हैं। इससे आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी की आशंका नहीं है और वितरण प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।

**शिकायतों के त्वरित निपटारे की व्यवस्था:** पिछले 24 घंटों में प्रशासन की निगरानी में 11,983 सिलेंडरों की सफल होम डिलीवरी कराई गई। इस दौरान प्राप्त 17 शिकायतों को तुरंत संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को भेजा गया। साथ ही, उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम नंबर 06254-247002 और 06254-247003 जारी किए गए हैं, जहां लोग अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

# स्वास्थ्य विभाग का सघन अभियान : अस्पताल, अल्ट्रासाउंड व नर्सिंग होम की जांच

न्यूज स्केल बेतिया

▪ अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में निर्धारित मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना रहा



जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को पूरे जिले में सघन जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी श्री तरनजोत सिंह के निर्देश के आलोक में की गई, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड केंद्रों और नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। जांच में कुल दो अस्पतालों का निरीक्षण किया गया, जिनमें एक अस्पताल निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया, जबकि दूसरे अस्पताल की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच की गई, जिनमें से एक केंद्र बंद पाया गया, जबकि दूसरा केंद्र संचालित अवस्था में मिला और नियमों के अनुरूप कार्य करता पाया गया। वहीं, दो नर्सिंग होम की जांच में एक के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जबकि दूसरे नर्सिंग होम को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जिन संस्थानों की जांच की गई, उनमें अरबाज अल्ट्रासाउंड, लाइफ केयर पैथोलॉजी, भारती अल्ट्रासाउंड, महावीर हेल्थ केयर एवं आदर्श हॉस्पिटल शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे।

# एसडीएम का औचक निरीक्षण : गैस एजेंसी, पीडीएस दुकान और हेल्थ सेंटर की जांच

न्यूज स्केल बेतिया



जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर प्रशासनिक सक्रियता लगातार तेज होती दिख रही है। इसी क्रम में नरकटियागंज के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) द्वारा क्षेत्र में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें गैस एजेंसी, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों और हेल्थ केयर सेंटरों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान रामाकांत इंडेन गैस एजेंसी सहित अन्य गैस एजेंसियों में उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं, गैस वितरण प्रणाली और स्टॉक रजिस्टर का बारीकी से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि उपभोक्ताओं को समय पर और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गैस उपलब्ध हो रही है या नहीं। वहीं, पीडीएस दुकानों पर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की पारदर्शिता की जांच की गई। अधिकारियों ने राशन कार्डधारियों से बातचीत कर यह भी जाना कि उन्हें निर्धारित मात्रा में अनाज मिल रहा है या नहीं। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या शिकायत मिलने पर तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। इसके अलावा हेल्थ केयर सेंटरों में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के इलाज की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य आम लोगों को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# 09 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत, अधिक से अधिक वाद निष्पादन पर जोर



न्यूज स्केल दरभंगा

जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सक्रियता तेज कर दी गई है। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने दावा वादों से जुड़े अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सचिव आरती कुमारी ने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करना प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए चयनित वादों में दावाकर्ताओं और बीमा कंपनियों के बीच आपसी सहमति बनाकर समझौते की प्रक्रिया को तेज करने पर जोर दिया गया। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे प्रि-काउंसलिंग के माध्यम से वादों के निष्पादन को सुगम बनाएं, ताकि मामलों का त्वरित और प्रभावी निपटारा संभव हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि पिछले लोक अदालतों की तुलना में इस बार बेहतर प्रदर्शन किया जाए, जिससे बिहार में जिले को एक सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो। बैठक में अधिवक्ता रविशंकर प्रसाद, ध्रुव कुमार ठाकुर, चंद्रधर मल्लिक, जवाहर कुमार झा, सोहन कुमार सिन्हा, सुरेंद्र कुमार, कौशलेंद्र नारायण श्रीवास्तव, मोहम्मद मकसूद एवं पल्लवी कुमारी उपस्थित रहे।

# नालंदा में ''स्कूल चले हम'' अभियान के तहत 2 मई को प्रवेशोत्सव दिवस





न्यूज स्केल नालंदा

नालंदा जिला प्रशासन ने अकादमिक सत्र 2026-27 में 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "स्कूल चले हम" अभियान को तेज कर दिया है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर 2 मई 2026 को जिलेभर में प्रवेशोत्सव दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य एक भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे, यह सुनिश्चित करना है।

**आईसीडीएस और शिक्षा विभाग का संयुक्त प्रयास** इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग और आईसीडीएस कार्यालय मिलकर कार्य कर रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े 16,440 चिन्हित बच्चों की सूची तैयार की गई है, जिन्हें निकटवर्ती विद्यालयों में नामांकित कराया जाएगा। सेविका और सहायिकाएं बच्चों को सामूहिक रूप से विद्यालय तक लेकर जाएंगी, जबकि शिक्षक और शिक्षा सेवक समन्वय बनाकर नामांकन प्रक्रिया पूरी कराएंगे।

**उत्सव जैसा माहौल, विशेष तैयारियां:** प्रवेशोत्सव दिवस को उत्सवी स्वरूप देने के लिए विद्यालयों में साफ-सफाई, सजावट, पेयजल, शौचालय और बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। बच्चों के स्वागत के लिए चॉकलेट, फ्लैक्स, बैनर, टीएलएम प्रदर्शनी और बैलून की व्यवस्था भी अनिवार्य होगी। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

**दस्तावेज बाधा नहीं, आदर्श केंद्र होंगे चिन्हित:** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नामांकन के समय किसी भी दस्तावेज की कमी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। नामांकन के बाद आवश्यक कागजात लिए जा सकते हैं। प्रत्येक प्रखंड से पांच विद्यालयों को आदर्श नामांकन केंद्र के रूप में चिन्हित किया जाएगा, जहां अधिकारी निरीक्षण करेंगे। दिन के अंत तक नामांकन का वर्गवार प्रतिवेदन प्रखंड संसाधन केंद्र को सौंपना अनिवार्य किया गया है।

# रघुनाथपुर में किराना दुकान में भीषण चोरी, सीसीटीवी तोड़कर ले गए लाखों का सामान



**सीवान,** (हि.स.)। रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर मोड़ के समीप बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने श्री गंगा किराना दुकान में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर शटर तोड़कर दुकान में घुसे और करीब तीन लाख रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए।

**शटर तोड़कर दिया वारदात को अंजाम:** बताया जाता है कि चोरों ने लोहे के सब्बल की मदद से दुकान का शटर तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। इसके बाद आराम से सामान समेटकर फरार हो गए। चोरी के बाद दुकान के पीछे का दरवाजा भी टूटा पाया गया।

**पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं** पीड़ित व्यवसायी के यहां यह तीसरी आपराधिक घटना है। इससे पहले 12 जनवरी 2024 को रंगदारी को लेकर फायरिंग हुई थी, जबकि 13 फरवरी 2019 को भी चोरी की वारदात हो चुकी है। लगातार घटनाओं से स्थानीय लोगों में आक्रोश है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। थाना प्रभारी रविरंजन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

**सीसीटीवी कैमरा तोड़कर की गई वारदात:** चोरों ने पहले दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया, ताकि उनकी पहचान न हो सके। इसके बाद पूरी सावधानी से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

**सुबह खुलासा, इलाके में दहशत:** घटना का पता गुरुवार सुबह उस समय चला जब दुकानदार विनय कुमार दुकान खोलने पहुंचे। चोरी की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय व्यवसायियों में भय का माहौल है।

# छपरा-सीवान रेलखंड पर ट्रैक किनारे लगी आग, बिहार संपर्क क्रांति दो मिनट रुकी

**सीवान,** (हि.स.) छपरा-सीवान रेलखंड पर गुरुवार दोपहर रेलवे ट्रैक के किनारे अचानक आग लगने से कुछ समय के लिए रेल परिचालन प्रभावित हो गया। यह घटना दरौंदा जंक्शन और चैनवा स्टेशन के बीच लीला साह के पोखरा के पास रेलवे फाटक संख्या 76 के निकट किलोमीटर 367/03 से 11 के बीच हुई। आग की सूचना मिलते ही रेलवे और अग्निशमन विभाग की टीम सक्रिय हो गई।



**दो मिनट रुकी ट्रेन, परिचालन प्रभावित:** आग लगने के कारण नई दिल्ली से दरभंगा जा रही 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को एहतियातन करीब दो मिनट तक रोकना पड़ा। इस दौरान रेल परिचालन भी थोड़ी देर के लिए बाधित रहा। हालांकि स्थिति पर जल्द नियंत्रण पा लिया गया, जिससे अन्य ट्रेनों पर ज्यादा असर नहीं पड़ा।

**की-मैन और गेटमैन की तत्परता:** मिली जानकारी के अनुसार, रेलवे ट्रैक के किनारे धुआं और आग की लपटें देख की-मैन सुनील कुमार गुप्ता ने तुरंत गेटमैन सत्येंद्र कुमार शर्मा को सूचना दी। गेटमैन ने बिना देर किए जेई दरौंदा बब्लू कुमार को अवगत कराया, जिसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। अधिकारियों की इस त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

**तेज हवा से बढ़ी आग, दो दमकल गाड़ियां पहुंचीं** जब तक फायर ब्रिगेड की पहली गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी थी। हालात की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त दमकल गाड़ियां भेजी गईं। अग्निशमन कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और रेलवे ट्रैक को सुरक्षित किया।

**जांच जारी, बड़ा नुकसान टला** घटना के दौरान फायर ब्रिगेड और आरपीएफ की टीम मौके पर मौजूद रही और राहत कार्य में सहयोग किया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। कुछ ही देर बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य कर दिया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है और मामले की जांच की जा रही है।

# सीवान में बेखौफ अपराध : सोते हुए बुजुर्ग को मारी गोली, हालत गंभीर





**सीवान,** (हि.स.)। सीवान जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के करसड़ गांव में अपराधियों ने बेखौफ होकर एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। बुधवार की देर रात करीब 12 बजे अपराधियों ने घर में घुसकर सो रहे एक बुजुर्ग को गोली मार दी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। घायल धर्मसाह गोंड़ है, जो अनुसूचित जनजाति के नेता जितेंद्र साह के पिता बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, धर्मसाह अपने करकट (टीन) से बने झोपड़ी में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने झोपड़ी का करकट हटाया और उन्हें निशाना बनाते हुए गोली चला दी। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल धर्मसाह को आनन-फानन में रघुनाथपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना भेज दिया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस अभी सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में भय का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



# भारत-अफ्रीकी विकास सहयोग स्थानीय प्राथमिकताओं और स्वामित्व पर आधारित : विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर

**नई दिल्ली,** (हि.स.) नई दिल्ली में गुरुवार को चौथे भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत लोगो, थीम और आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कई अफ्रीकी देशों के राजदूत भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को भारत और अफ्रीका के बीच बढ़ते कूटनीतिक और विकास सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह आयोजन दोनों क्षेत्रों के बीच भविष्य की साझेदारी को और अधिक व्यापक और प्रभावी बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा।

**जयशंकर का संबोधन : साझा इतिहास और सहयोग की मजबूत नींव :** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कार्यक्रम में कहा कि भारत और अफ्रीका के संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि साझा संघर्ष, ऐतिहासिक एकजुटता और समान आकांक्षाओं पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि भारत का विकास सहयोग हमेशा अफ्रीकी देशों की प्राथमिकताओं और स्थानीय स्वामित्व को ध्यान में रखकर आगे बढ़ता है। यह साझेदारी समानता, सम्मान और आपसी विश्वास पर आधारित एक अधिक संतुलित वैश्विक व्यवस्था की दिशा में काम कर रही है।

**वैश्विक मंचों पर साझेदारी और सतत विकास की प्रतिबद्धता**

जयशंकर ने कहा कि भारत और अफ्रीका मिलकर वैश्विक मंचों पर अधिक समावेशी व्यवस्था के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अफ्रीकी संघ को जी20 में शामिल किए जाने के भारत के समर्थन का भी उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल सोलर अलायंस और अन्य सतत विकास पहलों में सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दोनों क्षेत्र मिलकर एक अधिक टिकाऊ, समावेशी और बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**डिजिटल, फिनटेक और नवाचार में बढ़ता सहयोग**

विदेश मंत्री ने डिजिटल इनोवेशन, फिनटेक और अन्य उभरते क्षेत्रों में भारत और अफ्रीका के बीच बढ़ते सहयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र अफ्रीकी अर्थव्यवस्थाओं के आधुनिकीकरण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जयशंकर ने कहा कि आने वाला शिखर सम्मेलन दोनों पक्षों को सफल अनुभव साझा करने, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने और साझा चुनौतियों पर गहन चर्चा का अवसर प्रदान करेगा।

**01: डिजिटल इनोवेशन, फिनटेक और उभरते क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है।**

**02: आगामी शिखर सम्मेलन को अधिक महत्वाकांक्षी, समावेशी और भविष्य-उन्मुख बताया गया।**

**03: भारत और अफ्रीका को सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और साझा चुनौतियों पर चर्चा का अवसर मिलेगा**

# लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को लगी 2.99 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली,** (हि.स.) पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के चलते घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई, हालांकि शुरुआती कुछ मिनटों में हल्की खरीदारी देखने को मिली, लेकिन यह तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। सुबह 10 बजे के बाद बाजार में भारी बिकवाली शुरू हो गई, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों दबाव में आ गए। दिनभर के कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक (1.09%) गिरकर 77,664 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 205.05 अंक (0.84%) टूटकर 24,173.05 पर बंद हुआ। ऑटोमोबाइल, पीएसयू बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, आईटी, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस और टेक सेक्टर में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। हालांकि मीडिया, एनर्जी, कैपिटल गुड्स और हेल्थकेयर सेक्टर में हल्की खरीदारी देखने को मिली। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी क्रमशः 0.41% और 0.67% की गिरावट के साथ बंद हुए, जिससे व्यापक बाजार में कमजोरी साफ दिखाई दी। कुल मिलाकर बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घटकर 466.37 लाख करोड़ रुपये रह गया, जिससे निवेशकों को लगभग 2.99 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सेंसेक्स के 30 में से केवल 5 शेयरों में तेजी रही, जबकि 25 में गिरावट आई। वहीं निफ्टी के 50 शेयरों में 33 शेयर लाल निशान में बंद हुए। दिग्गज शेयरों में डॉक्टर रेड्डीज और सिप्ला में मजबूत बढ़त देखने को मिली, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई लाइफ और टेक महिंद्रा जैसे शेयरों में गिरावट रही।



# बुखार के बाद होंठों पर दाने क्यों निकलते हैं? कारण, लक्षण और ठीक होने के उपाय


**नई दिल्ली,** (हि.स.) बुखार के बाद होंठों पर छोटे-छोटे दाने या छाले निकल आना एक सामान्य समस्या है, जिसे लोग अक्सर साधारण फोड़ा या एलर्जी समझ लेते हैं। इसका सबसे प्रमुख कारण हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस माना जाता है। यह वायरस शरीर में पहले से मौजूद रहता है और जब शरीर की इम्यूनिटी कमजोर होती है, जैसे वायरल बुखार के बाद, तब यह सक्रिय हो जाता है। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी, थकान और कुछ दवाओं के साइड इफेक्ट भी इसकी वजह बन सकते हैं।

इस स्थिति में होंठों पर दर्द, जलन, सूजन और छोटे-छोटे फफोले जैसे दाने दिखाई देते हैं। इससे मरीज को खाने-पीने, बोलने और मुंह खोलने में परेशानी होती है। बच्चों में कभी-कभी यह समस्या हाथ-फुट-माउथ डिजीज से भी जुड़ी हो सकती है, जिसमें हाथ और पैरों पर भी दाने निकल आते हैं और हल्का बुखार भी हो सकता है।

घरेलू उपचार में गुनगुने नमक पानी से कुल्ला करना, प्रभावित जगह को साफ रखना, शहद और एलोवेरा जेल का प्रयोग करना काफी लाभकारी माना जाता है। ये उपाय सूजन कम करने और संक्रमण को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। साथ ही शरीर में पानी की कमी न होने देना भी जरूरी है।

यदि दाने ज्यादा बढ़ जाएं, दर्द तेज हो या कई दिनों तक ठीक न हों तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। डॉक्टर एंटी-वायरल दवाएं देकर संक्रमण को जल्दी नियंत्रित कर सकते हैं।

सामान्यतः सही देखभाल और उपचार से यह समस्या 3 से 7 दिनों के भीतर ठीक हो जाती है।



# एक महीने में दूसरी बार एचएसबीसी ने इंडियन इक्विटीज की रेटिंग घटाई

**नई दिल्ली,** (हि.स.) वैश्विक ब्रोकरेज फर्म एचएसबीसी ने भारतीय इक्विटी बाजार की रेटिंग को न्यूट्रल से घटाकर अंडरवेट कर दिया है, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ गई है। एक महीने में यह दूसरी बार है जब फर्म ने रेटिंग में कटौती की है। इससे पहले 31 मार्च को इसे ओवरवेट से न्यूट्रल किया गया था। एचएसबीसी के अनुसार पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम पैदा कर रही है। ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया है, जिससे महंगाई बढ़ने की आशंका है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में विदेशी निवेशकों की रुचि घट रही है और वे लगातार बिकवाली कर रहे हैं। 2026 में अब तक विदेशी निवेशक 18.5 अरब डॉलर के शेयर बेच चुके हैं। निफ्टी और सेंसेक्स में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। एचएसबीसी ने आगे आर्थिक विकास पर दबाव की चेतावनी दी है।




# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** (हि.स.) सर्राफा बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में आज लगातार चौथे दिन गिरावट का रुख देखने को मिला। कीमतों में आई इस कमजोरी के चलते देश के अधिकतर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,54,740 रुपये से लेकर 1,55,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना 1,41,840 रुपये से 1,42,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में बना हुआ है।




**प्रमुख शहरों में सोने के भाव**

देश के अलग-अलग शहरों में सोने की कीमतों में हल्का अंतर देखने को मिला। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,54,890 रुपये और 22 कैरेट 1,41,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। मुंबई में 24 कैरेट 1,54,740 रुपये और 22 कैरेट 1,41,840 रुपये रहा। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,55,450 रुपये तक पहुंच गया, जो देश में सबसे ऊंचा स्तर रहा। इसी तरह कोलकाता, पटना, लखनऊ, जयपुर और अहमदाबाद में भी भाव लगभग इसी दायरे में बने रहे।

**राज्यों में मिला-जुला रुख**

कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के प्रमुख सर्राफा बाजारों में भी सोने के दामों में गिरावट का रुख जारी रहा। बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,54,740 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,41,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा। कुल मिलाकर देशभर में सोने की कीमतों में नरमी और चांदी में स्थिरता का माहौल बना हुआ है।

**चांदी के दाम स्थिर :** सोने के विपरीत चांदी के भाव में आज किसी प्रकार का बदलाव नहीं देखा गया। दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के पिछले स्तर पर ही स्थिर बनी रही। लगातार स्थिरता के कारण निवेशकों में चांदी को लेकर फिलहाल कोई बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिल रहा है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल चांदी में मांग और आपूर्ति संतुलित स्थिति में है।

# राशिफल : 24 अप्रैल, 2026

**मेष-** कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष-** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन-** सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क-** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह-** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या-** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला-** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक-** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु-** आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्घि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर-** जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुम्भ-** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन-** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

# पंचांग : 24 अप्रैल, 2026

24 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर् मेष में
चंद्र कर्क में
मंगल मीन में
बुध मीन में
गुरु मिथुन में
शुक्र वृष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
वृष 06.45 बजे से
मिथुन 08.44 बजे से
कर्क 10.57 बजे से
सिंह 13.13 बजे से
कन्या 15.25 बजे से
तुला 17.36 बजे से
वृश्चिक 19.50 बजे से
धनु 22.06 बजे से
मकर 00.12 बजे से
कुंभ 01.58 बजे से
मीन 03.31 बजे से
मेष 05.01 बजे से
शुक्रवार 2026 वर्ष का 114वा दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु ग्रीष्म।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास वैशाख पक्ष शुक्ल
तिथि अष्टमी 19.22 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुष्य 20.15 बजे को समाप्त।
योग शूल 01.25 बजे रात्र को समाप्त।
करण विष्टि 08.02 बजे तदनन्तर बव 19.22 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 6.5 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 120 48
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872689
जूलियन दिन 2461154.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्काद तारीख 06

विशेष मासिक दुर्गाष्टमी, बगलामुखी जयंती।

## आईआईटी रुड़की : जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 अप्रैल से 2 मई तक



**हरिद्वार,** (हि.स.)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंजीनियरिंग कोर्स में प्रवेश के लिए जेईई (एडवांस्ड) 2026 परीक्षा का आयोजन आईआईटी रुड़की कर रही है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण 23 अप्रैल से प्रारंभ होगा।
आईआईटी रुड़की के जनसंपर्क विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि जेईई (एडवांस्ड) 2026 के लिए, जेईई (मेन) 2026 में योग्य अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन पंजीकरण 23 अप्रैल 2026 (10 बजे) से प्रारंभ होकर 2 मई 2026 (23:59 बजे) तक खुला रहेगा। पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 4 मई 2026 (23:59 बजे तक) है। योग्य अभ्यर्थी निर्धारित समयसीमा के भीतर आधिकारिक पोर्टल : https://jeeadv.nic.in/applicant के माध्यम से अपना पंजीकरण पूर्ण करें। जेईई एडवांस्ड 2026 के लिए केवल वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जो जेईई मेन - 2026 में शामिल हुए हों और टॉप 2.5 लाख रैंक में आते हों।



## चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को सौंपे अपने परिचय पत्र

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में लाओ पीडीआर, कांगो, नामीबिया और गिनी बिसाऊ के राजदूतों से उनके परिचय पत्र स्वीकार किए।राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में से लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की राजदूत विथया ज़ायावोंग, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजदूत एमिली अयाज़ा मुशोबेकवा, नामीबिया गणराज्य के उच्चायुक्त विंग कमांडर एलेक्स लुन्याज़ो टुकुहुपवेले (सेवानिवृत्त) और गिनी-बिसाऊ गणराज्य के राजदूत एंटोनियो सेरिफो एम्बालो शामिल हैं।

## ईंधन और खाद्य सुरक्षा के मामले में मोदी सरकार विफल : कांग्रेस अध्यक्ष

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर ईंधन और खाद्य सुरक्षा को लेकर गंभीर विफलताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार भटकाने के लिए सीमांकन जैसे मुद्दों का सहारा ले रही है, जबकि देश वास्तविक संकटों का सामना कर रहा है।



**ईंधन उत्पादन में गिरावट के आरोप:** खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया कि देश में कच्चे तेल का उत्पादन लगातार 11वें वर्ष गिर रहा है।2014-15 के बाद इसमें लगभग 22 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि गैस उत्पादन में करीब 40 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने इसे ऊर्जा क्षेत्र की गंभीर चुनौती बताया।
**होरमुज जलडमरूमध्य में भारतीय जहाजों का मामला** खरगे ने कहा कि होरमुज़ जलडमरूमध्य में भारतीय ध्वज वाले 14 जहाज पिछले 54 दिनों से फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित मार्ग नहीं मिल पा रहा है। यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है।
**खाद संकट और कृषि पर असर** उन्होंने कहा कि मार्च 2026 में खाद उत्पादन पांच साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें 24.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। चीन और रूस द्वारा निर्यात प्रतिबंधों के बावजूद सरकार ने आयात विविधीकरण पर ध्यान नहीं दिया, जिससे किसानों को लगातार संकट का सामना करना पड़ रहा है।

**एलपीजी और घरेलू ईंधन संकट:** उन्होंने आरोप लगाया कि एलपीजी कनेक्शन प्रभावित हुए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर बुकिंग में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर कालाबाज़ारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है।

## आसनसोल में वोट डालने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा का भाजपा व पीएम मोदी पर निशाना

**आसनसोल** (हि.स.)।

**01: शत्रुघ्न सिन्हा ने ममता बनर्जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें जनहित के लिए संघर्ष करने वाली नेता बताया।**

-------------

**02: उन्होंने विश्वास जताया कि मतगणना के दिन तृणमूल कांग्रेस का प्रदर्शन मजबूत रहेगा।**

-------------



आसनसोल में पहले चरण के मतदान के दौरान तृणमूल कांग्रेस सांसद और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र के महिला संचालित बूथ रविंद्र भवन पहुंचकर बूथ संख्या 39 पर अपना वोट डाला। मतदान के बाद उन्होंने मतदाताओं से लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने की अपील की और पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित बताया।
**भाजपा और प्रधानमंत्री पर हमला:** मतदान के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री विभिन्न राज्यों में जाकर "जंगलराज" जैसे शब्दों का उपयोग करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनके परिणाम नहीं दिखते। उन्होंने इसे केवल राजनीतिक नारा बताते हुए कहा कि जनता अब ऐसे बयानों को समझने लगी है।
**ममता बनर्जी और टीएमसी समर्थन:** उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बदलाव की नहीं बल्कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में समर्थन की लहर है। उनके अनुसार तृणमूल कांग्रेस लगातार मजबूत हो रही है और मतगणना के दिन इसका परिणाम स्पष्ट दिखाई देगा। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी के पास जनशक्ति है, जबकि भाजपा के पास केवल प्रचार शक्ति है।

**एंटी-इन्कम्बेंसी पर टिप्पणी**
एंटी-इन्कम्बेंसी के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब केंद्र में 11 वर्षों से भाजपा सरकार के खिलाफ इस तरह का मुद्दा नहीं उठाया जाता, तो पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ इसे उठाना केवल जुमलेबाजी है। उन्होंने बिहार और मध्य प्रदेश का उदाहरण देते हुए भाजपा पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया और कहा कि वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है।

## डिजिटल इंडिया के दौर में सरकारी वेबसाइटों से 'मूल हिन्दी' गायब, गृह मंत्री को लिखा पत्र



**लखनऊ** (हि.स.)।डिब्रूगढ़ (असम) की केंद्रीय जेल में बंद 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह को लेकर प्रशासनिक स्तर पर बड़ा घटनाक्रम सामने आया है।
जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रा सुका) के तहत उनकी हिरासत अवधि पूरी होने के बाद अब उन्हें पंजाब पुलिस की हिरासत में सौंपे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
अमृतपाल सिंह को बीते समय में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच असम की डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल में रखा गया था। उन्हें पंजाब से दूर इस जेल में इसलिए स्थानांतरित किया गया था ताकि राज्य में कानून-व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त दबाव या जोखिम न बने। उनकी गतिविधियों और सुरक्षा से जुड़े संभावित खतरों को देखते हुए यह कदम उठाया गया था।
अब जैसे ही रासुका की निर्धारित अवधि समाप्त हुई, संबंधित एजेंसियों ने उन्हें पंजाब वापस लाने की तैयारी तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, पंजाब पुलिस की एक विशेष टीम असम पहुंच चुकी है और सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें अपनी हिरासत में लेगी।
इस पूरी प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अत्यंत सख्त रखा गया है। जेल परिसर से लेकर स्थानांतरण मार्ग तक सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या सुरक्षा चूक की संभावना को रोका जा सके।
खुफिया एजेंसियां भी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।
अमृतपाल सिंह और उनके संगठन की गतिविधियों को लेकर पहले से ही कई राज्यों की सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। ऐसे में उनकी वापसी को लेकर पंजाब में भी अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि उन्हें पंजाब लाने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई और गहन पूछताछ की प्रक्रिया तेज होगी।
इस पूरे घटनाक्रम को सुरक्षा और प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।
सरकार और सुरक्षा एजेंसियों का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को बनाए रखना और किसी भी संभावित चुनौती को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करना है।

## परोपकारी कार्यों और अर्थव्यवस्था में जैन समुदाय का अतुलनीय योगदान :किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था एवं शिक्षा के क्षेत्र में जैन समुदाय की हमेशा से महत्वपूर्ण भूमिका रही है।
किरेन रिजिजू ने यह बात आज मध्य प्रदेश के इंदौर में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) की ओर से आयोजित विशेष सेमिनार में वीडियो संदेश के माध्यम से कही। "भारतीय अर्थव्यवस्था, शिक्षा और परोपकार में जैन समुदाय का योगदान" विषयक इस सेमिनार में शिक्षाविद, समाजसेवी और समुदाय के नेताओं ने राष्ट्र निर्माण में किए गए महत्वपूर्ण योगदानों को रेखांकित किया।
इस अवसर पर किरेन रिजिजू ने कहा कि जैन समुदाय का सेवाभाव पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह समुदाय अस्पतालों, धर्मशालाओं, गौशालाओं और सामुदायिक रसोई के माध्यम से मानवता की निःस्वार्थ सेवा करता रहा है। जैन उद्यमियों ने भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह समुदाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा।



## डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार में बंद अमृतपाल सिंह को पंजाब पुलिस लेगी हिरासत में

**असम,** (हि.स.)। असम के डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार में बंद अमृतपाल सिंह को आज पंजाब पुलिस अपनी हिरासत में लेने जा रही है। वह 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख हैं और पिछले लंबे समय से कड़ी सुरक्षा के बीच यहां बंद थे। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनकी हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद अब उन्हें अजनाला थाना हमले के मामले में पुनः गिरफ्तार किया जाएगा। पंजाब पुलिस इस मामले में उनकी भूमिका को लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी। जानकारी के अनुसार, फरवरी 2023 में अजनाला थाने पर हुए हमले के मामले की जांच के लिए पंजाब पुलिस की एक विशेष टीम 19 अप्रैल से ही डिब्रूगढ़ में डेरा डाले हुए थी। अमृतपाल सिंह को पहली बार 23 अप्रैल 2023 को मोगा जिले से हिरासत में लिया गया था, जिसके बाद से वह डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने हाल ही में राज्य सरकार के अनुरोध को स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि रासुका की अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें अजनाला मामले में औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया जा सकता है और सुनवाई की प्रक्रिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। इससे उन्हें अमृतसर लाए बिना ही न्यायिक कार्यवाही में शामिल किया जा सकेगा।



## चंबा—कोटि मार्ग पर खाई में गिरा वाहन, 8 की मौत व दो गंभीर

**टिहरी** (हि.स.)। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में चंबा–कोटि मार्ग पर नैल के पास गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक यूटिलिटी पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।
**रेस्क्यू और राहत कार्य:** घटना की सूचना डायल 112 पर मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ, फायर सर्विस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। राहत एवं बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा।
**प्रशासन और सीएम की प्रतिक्रिया:** घटनास्थल पर जिलाधिकारी, एसएसपी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे और राहत कार्यों की निगरानी की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।



**घायलों का इलाज:** हादसे में घायल दोनों व्यक्तियों को जिला अस्पताल बौराड़ी में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर है और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। वाहन में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें सभी घनसाली क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

## मीरजापुर के ड्रमंडगंज घाटी में भीषण सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत

**मीरजापुर,** (हि.स.)। ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास बुधवार रात करीब आठ बजे हुए भीषण सड़क हादसे में 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मध्य प्रदेश से चना लादकर मीरजापुर आ रहा ट्रक अचानक ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गया और कई वाहनों से टकरा गया।
**टक्कर के बाद लगी आग**
अनियंत्रित ट्रक ने पहले एक कंटेनर और फिर आगे चल रही बोलेरो को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर के बाद बोलेरो डिवाइडर से टकराकर आग की चपेट में आ गई और देखते ही देखते जलने लगी।



**प्रशासनिक कार्रवाई और जाम**
सूचना पर डीएम पवन कुमार गंगवार और एसपी अपर्णा रजत कौशिक मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया। हादसे के बाद वाराणसी-रीवा मार्ग पर चार घंटे जाम लगा रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त किया है।

**11 लोगों की दर्दनाक मौत**
बोलेरो में सवार आठ लोग, जिनमें दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे, आग में फंसकर जिंदा जल गए। इसके अलावा ट्रक चालक, खलासी और एक कार चालक की भी मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक जय प्रकाश (28) सोनभद्र निवासी थे।

# ट्रंप ने अमेरिकी नेवी को होर्मुज में, माइन बिछाने वाले जहाज को उड़ाने के आदेश दिए

**तेहरान/वाशिंगटन/लंदन, (हि.स.)** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। हालात अब सिर्फ खाड़ी क्षेत्र तक सीमित न रहकर हिंद महासागर तक फैलते दिख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी नौसेना को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि होर्मुज क्षेत्र में यदि कोई नाव बारूदी सुरंगें बिछाते हुए या संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त दिखाई दे तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाए, और जरूरत पड़ने पर गोलीबारी से भी पीछे न हटा जाए।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पेंटागन ने हिंद महासागर में 'मैजेस्टिक एक्स' नामक एक तेल टैंकर को जब्त करने का दावा किया है। बताया गया है कि इस कार्रवाई के दौरान अमेरिकी नौसैनिक बलों की मौजूदगी का वीडियो भी जारी किया गया है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह अभियान ईरान से जुड़े अवैध तेल नेटवर्क और उसके वित्तीय तंत्र को बाधित करने के लिए चलाया जा रहा है। इससे पहले इसी क्षेत्र में 'टिफनी' नामक एक अन्य तेल टैंकर को भी जब्त किए जाने की खबर सामने आई थी।

उधर, ईरान पर आरोप है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन जहाजों को निशाना बनाया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण इस जलमार्ग में लगातार बढ़ती सैन्य और नौसैनिक गतिविधियों ने वैश्विक चिंता बढ़ा दी है।

इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं, लेकिन अब तक किसी ठोस समझौते की संभावना नहीं बन पाई है। ट्रंप प्रशासन का रुख जहां सख्त बना हुआ है, वहीं ईरान बातचीत की मेज पर आने से इनकार कर रहा है।

इधर ब्रिटेन और फ्रांस ने भी स्थिति पर चिंता जताते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए "कड़े और व्यावहारिक सैन्य विकल्पों" की आवश्यकता बताई है। लंदन में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों के रक्षा अधिकारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बिना इस संकट का समाधान संभव नहीं है।





## नेपाल सरकार ने 24 घंटे में ही संसद अधिवेशन बुलाने के फैसले को स्थगित किया

**काठमांडू, (हि.स.)** नेपाल सरकार ने संसद अधिवेशन बुलाने की सिफारिश को 24 घंटे के भीतर वापस ले लिया है। बुधवार को राष्ट्रपति भवन से जारी सूचना में 30 अप्रैल से दोनों सदनों का संयुक्त अधिवेशन आहूत करने की घोषणा की गई थी, लेकिन गुरुवार को सरकार की नई सिफारिश के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद बैठक में संसद



सत्र को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद राष्ट्रपति भवन ने अधिवेशन स्थगित करने की आधिकारिक सूचना जारी की। सूचना में कहा गया है कि विशेष कारणों से चलते मंत्रिपरिषद की पुनः सिफारिश पर यह निर्णय लिया गया है। नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 93(1) के अनुसार संसद सत्र बुलाने और स्थगित करने का अधिकार राष्ट्रपति को प्राप्त है, जो सरकार की सिफारिश पर कार्य करते हैं। अचानक लिए गए इस निर्णय से राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। विपक्षी दलों ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता की मांग की है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह बार-बार निर्णय बदलने से संसदीय प्रक्रिया और राजनीतिक स्थिरता पर असर पड़ सकता है तथा आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर और बहस तेज होने की संभावना है जताई जा रही है बताई गई

## संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी: हॉर्मुज संकट से 3 करोड़ लोग गरीबी की चपेट में आ सकते हैं

**न्यूयॉर्क, (हि.स.)** संयुक्त राष्ट्र ने होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) से जुड़े मौजूदा संकट को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। यूएन के अनुसार, इस संकट का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर लंबे समय तक बना रह सकता है और इससे लगभग 3 करोड़ से अधिक लोग गरीबी में धकेले जा सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) से जुड़े अधिकारी अलेक्जेंडर




डी क्रू ने बताया कि यदि स्थिति सामान्य भी हो जाती है, तब भी इसके आर्थिक प्रभाव बने रहेंगे। अनुमान है कि वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 0.5 प्रतिशत से 0.8 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। इसका सबसे अधिक असर विकासशील और कमजोर अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा कीमतों में तेजी और खाद्य असुरक्षा इस संकट के प्रमुख कारण हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य से बड़े पैमाने पर तेल और उर्वरक का परिवहन होता है। किसी भी प्रकार की बाधा से कृषि उत्पादन और खाद्य आपूर्ति पर सीधा असर पड़ सकता है। यूएन ने चेतावनी दी है कि आने वाले महीनों में हालात और बिगड़ सकते हैं, क्योंकि बुवाई का मौसम चल रहा है। उर्वरक आपूर्ति बाधित होने पर फसल उत्पादन में गिरावट और खाद्य संकट गहराने की आशंका है।

## अमेरिका इजराइल और लेबनान के बीच सीधी वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी करेगा

**वाशिंगटन, (हि.स.)** इजराइल और लेबनान के बीच सीधी वार्ता का दूसरा दौर आज अमेरिका के विदेश विभाग में शुरू होगा। यह वार्ता दक्षिण लेबनान में जारी तनाव को कम करने और मौजूदा 10 दिवसीय संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। वर्तमान संघर्ष विराम 26 अप्रैल को समाप्त होने वाला है, जिससे क्षेत्र में स्थिति फिर से अस्थिर होने की आशंका बनी हुई है। पहले दौर की बातचीत के बाद 16 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष विराम की घोषणा की थी। हालांकि, यह समझौता पूरी तरह स्थिर नहीं हो पाया है,



क्योंकि लेबनान में सक्रिय ईरान समर्थित आतंकी संगठन हिजबुल्लाह लगातार इसका विरोध कर रहा है और सीमा क्षेत्र में तनाव बनाए हुए है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इस दूसरे दौर की वार्ता में इजराइली और लेबनानी प्रतिनिधि वाशिंगटन में आमने-सामने होंगे। बैठक में अमेरिकी अधिकारियों की भी अहम भूमिका रहने की संभावना है, जो दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता करेंगे। यह वार्ता मुख्य रूप से संघर्ष विराम को बढ़ाने और सीमा पर सैन्य गतिविधियों को नियंत्रित करने पर केंद्रित होगी। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि इस पूरे समझौते में अमेरिका और विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका निर्णायक बनी हुई है। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर फवाज गर्गेस ने कहा है कि इजराइल पर वास्तविक प्रभाव केवल अमेरिका का ही है और ट्रंप ही इजराइली नेतृत्व, खासकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव डाल सकते हैं। उनके अनुसार, इजराइल अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई जारी रखे हुए है। पहले हुए समझौते में इजराइल को आत्मरक्षा के अधिकार के तहत आवश्यक कदम उठाने की अनुमति दी गई थी, जबकि लेबनान सरकार पर यह जिम्मेदारी डाली गई थी कि वह हिजबुल्लाह की आक्रामक गतिविधियों को नियंत्रित करे।

इस वार्ता में लेबनान की राजदूत नादा हमदेह, इजराइली प्रतिनिधि येचिएल लीटर और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा मौजूदा संघर्ष विराम को लंबा करना, जमीनी हालात को स्थिर करना और हिजबुल्लाह तथा इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को कम करना है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस वार्ता को क्षेत्रीय शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देख रहा है।

## ईरान से अमेरिकी जहाज पीछे हटेंगे, शांति वार्ता में संकट, पत्रकार मौत

**वाशिंगटन/तेहरान(हि.स.)** ईरान के बंदरगाहों की नाकाबंदी को लेकर पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बुधवार रात जानकारी दी कि नाकाबंदी में शामिल अमेरिकी नौसेना के दो और जहाजों को वापस लौटने का आदेश दिया गया है। अब तक कुल 31 अमेरिकी जहाजों को इस अभियान से पीछे हटने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इस कार्रवाई को क्षेत्र में तनाव घटाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने की घोषणा की थी, लेकिन इसके बावजूद ईरान



बातचीत की मेज पर नहीं लौटा है। ईरान ने स्पष्ट किया है कि उसे ट्रंप की नीतियों पर भरोसा नहीं है। इसी बीच पाकिस्तान ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है ताकि स्थिति को नियंत्रण में लाया जा सके। रिपोर्टों के अनुसार 13 अप्रैल से जारी नाकाबंदी अभियान में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक, 17 युद्धपोत और 100 से अधिक विमान शामिल हैं। कई जहाज ईरान के चाबहार बंदरगाह के पास तैनात बताए जा रहे हैं। दूसरी ओर ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में दो विदेशी जहाजों को कब्जे में लिया है और एक अन्य जहाज पर गोलीबारी की गई है।

## अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूत का नेपाल दौरा तय




**काठमांडू, (हि.स.)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के विशेष दूत सर्जियो गोर नेपाल दौरे पर आने वाले हैं। अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री समीर पॉल कपूर की नेपाल यात्रा समाप्त होने के तुरंत बाद गोर अगले सप्ताह काठमांडू पहुंचने वाले हैं।

काठमांडू स्थित अमेरिकी दूतावास ने बताया कि काठमांडू प्रवास के दौरान वह कई उच्चस्तरीय राजनीतिक मुलाकातें करेंगे। विशेष दूत गोर की शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह से भी मुलाकात करने की योजना है। गोर इस समय भारत के लिए अमेरिकी राजदूत भी हैं। इससे पहले सहायक विदेश मंत्री कपूर ने नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल और वित्त मंत्री स्वर्णिम वागले से मुलाकात की थी।

नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद से लेकर चुनाव के दौरान और नई सरकार बनने के बाद अमेरिकी उच्च अधिकारियों का लगातार नेपाल दौरा हो रहा है। अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री से पहले नई सरकार गठन की प्रक्रिया के दौरान भी अमेरिकी सेना के इंडो पैसिफिक कमांड के प्रमुख की नेपाल यात्रा हुई थी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने नौसेना सचिव जॉन फेलन को पद से तत्काल बर्खास्त कर दिया।

**वाशिंगटन (हि.स.)** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए नौसेना सचिव जॉन फेलन को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। पेंटागन ने बुधवार को इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि फेलन अब अमेरिकी प्रशासन का हिस्सा नहीं रहेंगे। आदेश के अनुसार यह निर्णय तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया। फेलन के स्थान पर नौसेना के अवर सचिव हंग काओ को कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि जॉन फेलन ने अपने कार्यकाल के दौरान नौसेना के लिए महत्वपूर्ण



योगदान दिया है। उन्होंने विभाग और देश की सेवा के लिए फेलन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। यह बर्खास्तगी ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और अमेरिकी नौसेना होर्मुज जलडमरूमध्य सहित रणनीतिक समुद्री क्षेत्रों में अपनी सैन्य मौजूदगी मजबूत कर रही है। इस संवेदनशील स्थिति में शीर्ष नौसेना अधिकारी को हटाए जाने से सैन्य और रणनीतिक हलकों में आश्चर्य और चिंता दोनों देखी जा रही है। रिपोर्टों के अनुसार, फेलन हाल के महीनों में ट्रंप प्रशासन द्वारा हटाए गए कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों में शामिल हैं। इससे पहले भी सेना, वायुसेना और अन्य सैन्य इकाइयों के कई शीर्ष अधिकारियों को पद से हटाया जा चुका है। बताया जा रहा है कि पेंटागन में रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के कार्यकाल के दौरान एक दर्जन से अधिक वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त किया गया है। हालांकि फेलन की बर्खास्तगी का कोई आधिकारिक कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि नीति, रणनीति और प्रशासनिक मतभेद इसके पीछे संभावित कारण हो सकते हैं।

## भारतीय सामान पर कस्टम ड्यूटी लगाने के विरोध में काठमांडू में प्रदर्शन जारी



**काठमांडू, (हि.स.)** भारत-नेपाल सीमा पर 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम ड्यूटी लगाने के सरकारी निर्णय के खिलाफ काठमांडू में विरोध प्रदर्शन जारी है। आज सुबह से ही 'युथ फॉर ट्रुथ' संस्था के नेतृत्व में मधेसवादी दलों से जुड़े युवाओं ने माइतीघर मंडला में धरना-प्रदर्शन किया और सरकार से इस नीति को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सीमा क्षेत्र के लोग दैनिक जरूरतों के लिए अक्सर भारत-नेपाल सीमा पार कर खरीदारी करते हैं, ऐसे में नए कर प्रावधान से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उनका आरोप है कि यह निर्णय विशेष रूप से सीमावर्ती इलाकों के गरीब, निम्न आय वर्ग और छोटे व्यापारियों को प्रभावित कर रहा है।

"महंगाई नहीं सहेंगे", "कर हटाओ, देश बचाओ" जैसे नारे लिखे पोस्टर थे।

# आर्यनरूपाआनंदनेकांगो में पहला खिताब जीता



**लुबुंबाशी (कांगो)(हि.स.)** कांगो के लुबुंबाशी में एएम ग्रीन आईजीपीएल इनविटेशनल में भारत के युवा गोल्फर आर्यन रूपा आनंद ने अपना पहला प्रोफेशनल खिताब जीत लिया। पार-73 कोर्स पर उन्होंने अंतिम दिन 8-अंडर 65 खेलकर कुल 16-अंडर स्कोर बनाया। उदयन माने ने अंतिम दो होल में शानदार वापसी कर स्कोर बराबर किया और मुकाबला प्ले-ऑफ में पहुंच गया। पहले दो प्ले-ऑफ होल बराबरी पर रहे, लेकिन तीसरे होल में आर्यन ने बढ़त बनाकर जीत हासिल की। इस जीत के साथ उन्हें 22.5 लाख रुपये मिले। शौर्य बीनू तीसरे स्थान पर रहे, जबकि मन्नत बरार सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनीं। टीम स्पर्धा में एट्री मुंबई ने 32-अंडर के साथ खिताब जीता और ओवरऑल अंक तालिका में बढ़त हासिल की। यह जीत आर्यन के करियर की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को हराकर सीरीज जीती



**जोहान्सबर्ग, (हि.स.)** दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे टी20 मुकाबले में भारत को 9 विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। वांडरर्स में खेले गए मैच में लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 115 रनों की धमाकेदार पारी खेली और सुने लूस के साथ 183 रन की साझेदारी की। भारत ने 192 रन बनाए, जिसमें शेफाली, मंधाना और हरमनप्रीत का योगदान रहा। लेकिन अफ्रीका ने 16.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस हार के साथ भारत का दो साल का अपराजेय रिकॉर्ड भी समाप्त हो गया।




# आईपीएल में मुंबई इंडियंस की सबसे बड़ी हार, चेन्नई ने 103 रनों की जीत दर्ज कर रचा इतिहास

**मुंबई,** (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस को 103 रनों के बड़े अंतर से हराकर इतिहास रच दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मिली यह जीत चेन्नई की आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी जीत है, वहीं मुंबई की यह सबसे बड़ी हार साबित हुई।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन बनाए। टीम की जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 54 गेंदों में नाबाद 101 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी पारी में 10 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा ऋतुराज गायकवाड़ (22), डेवाल्ड ब्रेविस (21) और जेमी ओवर्टन (15) ने भी योगदान दिया।

208 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने महज 11 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। सूर्यकुमार यादव (36) और तिलक वर्मा (37) ने 73 रनों की साझेदारी कर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन इसके बाद विकेटों का पतन जारी रहा। हार्दिक पांड्या सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए और पूरी टीम 104 रन पर सिमट गई।

गेंदबाजी में चेन्नई की ओर से अकील हुसैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट झटके। उनके अलावा नूर अहमद ने 2 विकेट लिए, जबकि मुकेश चौधरी, गुरजपनीत सिंह और जेमी ओवर्टन को एक-एक सफलता मिली।

यह जीत कई रिकॉर्ड लेकर आई। चेन्नई ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने वाली टीम बनने का गौरव हासिल किया। वहीं रनों के अंतर से यह मुकाबला आईपीएल में चेन्नई की सबसे बड़ी जीत और मुंबई की सबसे बड़ी हार के रूप में दर्ज हो गया। इस जीत के साथ चेन्नई सुपर किंग्स अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि मुंबई इंडियंस आठवें स्थान पर खिसक गई है।

# थॉमस कप में इतिहास लक्ष्य, उबर टीम दमदार प्रदर्शन तैयार

**नई दिल्ली, (हि.स.)**

**थॉमस-उबर कप 2026: भारत की बड़ी चुनौती**

**पुरुष टीम का लक्ष्य—खिताब बरकरार**

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप 2026 में खिताब बचाने के इरादे से उतर रही है। टीम अपने अभियान की शुरुआत कनाडा के खिलाफ करेगी, इसके बाद ऑस्ट्रेलिया और चीन से मुकाबले होंगे। पिछली जीत की यादें अभी भी ताजा हैं, लेकिन इस बार चुनौती कड़ी है। सात्विक-चिराग की वापसी से डबल्स मजबूत हुआ है, जबकि लक्ष्य सेन और युवा आयुष शेट्टी पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

**युवा खिलाड़ियों पर बढ़ी जिम्मेदारी**

किदांबी श्रीकांत और एच.एस. प्रणय की हालिया फॉर्म चिंता का विषय है, ऐसे में टीम का भार युवा कंधों पर ज्यादा रहेगा। आयुष शेट्टी और लक्ष्य सेन जैसे खिलाड़ी हालिया प्रदर्शन से उम्मीद जगा रहे हैं।

**महिला टीम के सामने कठिन राह**

उबर कप 2026 में पी.वी. सिंधु की अगुवाई में भारतीय महिला टीम नई उम्मीदों के साथ उतर रही है। हालांकि, प्रमुख डबल्स जोड़ी के चोटिल होने से संतुलन प्रभावित हुआ है, जो टीम के लिए चुनौती बन सकता है। इसके बावजूद तान्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और अन्य युवा खिलाड़ियों में ऊर्जा और आत्मविश्वास की कमी नहीं है। अगर ये खिलाड़ी दबाव में अच्छा प्रदर्शन करती हैं, तो टीम मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देने में सक्षम है और बेहतर परिणाम हासिल कर सकती है।

# थॉमस-उबर कप में सिंधु, सेन के दम पर भारत की खिताबी दावेदारी, साई ने दी 1.45 करोड़ रुपये की मदद

**नई दिल्ली, (हि.स.)** भारतीय बैडमिंटन टीम प्रतिष्ठित BWF Thomas and Uber Cup Finals में दमदार प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ उतरने जा रही है। यह टूर्नामेंट 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के हॉर्सेन्स में आयोजित होगा। प्रतियोगिता से पहले Sports Authority of India (साई) ने टीम को 1.45 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की है, जिससे खिलाड़ियों की तैयारियों को मजबूती मिली है।




34 सदस्यीय भारतीय दल में 20 खिलाड़ी, पांच कोच और नौ सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। टीम में PV Sindhu, Lakshya Sen, Kidambi Srikanth और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं। इनके साथ युवा प्रतिभाओं को भी मौका दिया गया है, जिनमें कई खिलाड़ी टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) से जुड़े हैं।

ग्रुप चरण में पुरुष टीम को कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और चीन के साथ रखा गया है, जबकि महिला टीम डेनमार्क, यूक्रेन और चीन से मुकाबला करेगी। भारत ने 2022 में इतिहास रचते हुए Indonesia men's national badminton team को हराकर पहली बार थॉमस कप जीता था, जो भारतीय बैडमिंटन के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।

साई द्वारा दी गई सहायता में खिलाड़ियों की यात्रा, आवास, वीज़ा, भोजन, बीमा और दैनिक भत्ते जैसे सभी खर्च शामिल हैं। साथ ही टीम के साथ विशेषज्ञ कोच, फिजियोथेरेपिस्ट और ट्रेनर भी भेजे गए हैं, ताकि खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्तम समर्थन मिल सके।

गौरतलब है कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में बैडमिंटन शामिल नहीं है, जिससे थॉमस और उबर कप का महत्व और बढ़ गया है। ऐसे में भारतीय टीम इस मंच पर बेहतर प्रदर्शन कर अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगी।

# आक्रामकता सोच, परिस्थितियों अनुसार ढलना हमारी ताकत



**बेंगलुरु, (हि.स.)** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टीम की सफलता का श्रेय आक्रामक सोच और लचीलेपन को दिया है। उन्होंने कहा कि टीम का लक्ष्य हर मैच में दबदबा बनाना है, लेकिन परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। आरसीबी ने इस सीजन में अब तक छह मैचों में आठ अंक हासिल किए हैं और मजबूत शुरुआत की है। पाटीदार ने 230 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 212.96 रहा है। उन्होंने बताया कि उनके प्रदर्शन में सबसे बड़ा सुधार मानसिक स्तर पर आया है, जिससे तकनीकी बदलाव भी सहज हुए। उन्होंने कहा कि टीम की रणनीति तय नहीं होती, बल्कि खिलाड़ी परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेते हैं। पाटीदार ने खुद को "गेंदबाजों का कप्तान" बताते हुए कहा कि वह टीम में सकारात्मक माहौल बनाना चाहते हैं और हर खिलाड़ी को महत्वपूर्ण महसूस कराना उनकी प्राथमिकता है।

# मिचेल स्टार्क 1 मई को दिल्ली के लिए लौटेंगे



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में खेलने की मंजूरी दे दी है। वह 1 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में टीम के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। उनकी वापसी से दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**चोट से उबरकर वापसी को तैयार**

स्टार्क जनवरी से कोहनी और कंधे की चोट के कारण मैदान से दूर थे। एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने आराम लिया और अब धीरे-धीरे फिटनेस हासिल कर रहे हैं। भारत पहुंचने के बाद वह अपना वर्कलोड बढ़ाएंगे और मैच के लिए खुद को तैयार करेंगे।

**टीम को मिलेगा अनुभव का फायदा**

पिछले सीजन में मिचेल स्टार्क ने 11 मैचों में 14 विकेट लेकर दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की थी और कई अहम मुकाबलों में टीम को बढ़त दिलाई थी। मौजूदा सीजन में दिल्ली ने छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल किया है। स्टार्क की वापसी से टीम को न सिर्फ अनुभव मिलेगा, बल्कि गेंदबाजी में धार और संतुलन भी मजबूत होगा, जिससे आने वाले मैचों में प्रदर्शन बेहतर होने की उम्मीद है।

# एनआरएआई नेशनल जजेस कोर्स 2026 की नई दिल्ली में आज औपचारिक शुरुआत हुई

**नई दिल्ली, (हि.स.)** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा आयोजित नेशनल जजेस कोर्स 2026 की शुरुआत दिल्ली एनसीआर के गोल्डफिंच होटल में हो गई है। यह कोर्स 26 अप्रैल तक चलेगा और देशभर से आए इच्छुक एवं मौजूदा तकनीकी अधिकारियों को एक साझा मंच प्रदान कर रहा है।

**कोर्स का उद्देश्य और महत्व**

यह कार्यक्रम एनआरएआई एजुकेशन प्रोग्राम के तहत इस वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय जजेस कोर्स है। इसका उद्देश्य शूटिंग खेलों में निर्णयन (ऑफिशिएटिंग) के स्तर को बेहतर बनाना और प्रशिक्षित जजों की नई पीढ़ी तैयार करना है, ताकि प्रतियोगिताओं का संचालन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सके।

**उद्घाटन समारोह और प्रमुख हस्तियां**



कार्यक्रम का संचालन धीरज सिंह और अरुण वरेशी कर रहे हैं। दोनों विशेषज्ञ प्रतिभागियों को शूटिंग में ऑफिशिएटिंग के तकनीकी व व्यावहारिक पहलुओं की गहन जानकारी दे रहे हैं, जिससे उनकी निर्णयन क्षमता विकसित हो सके।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों की समझ भी मिल रही है। कोर्स पूर्ण होने के बाद चयनित प्रतिभागियों को जून 2026 में आयोजित आईएसएसएफ 'बी' जजेस कोर्स में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा

**प्रशिक्षण की रूपरेखा**

कार्यक्रम का संचालन विशेषज्ञ धीरज सिंह और अरुण वरेशी कर रहे हैं। वे प्रतिभागियों को शूटिंग में ऑफिशिएटिंग के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों को जून 2026 में आयोजित होने वाले आईएसएसएफ 'बी' जजेस कोर्स में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**भविष्य की योजनाएं और एनआरएआई की पहल**

पवन कुमार सिंह ने बताया कि नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया इस वर्ष 7.5 लाख स्कूली छात्रों को शूटिंग से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 1951 में संगठन की स्थापना और उसकी गौरवशाली विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि भविष्य में प्रशिक्षित तकनीकी अधिकारियों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने जोर दिया कि उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए कुशल जजों की आवश्यकता अनिवार्य है। यह कोर्स भारतीय शूटिंग के पेशेवर ढांचे को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सक्षम जज तैयार करने की दिशा में एक अहम पहल साबित हो रहा है।

# आईपीएल 2026: बर्गर पर जुर्माना, डिमेरिट अंक जोड़ा गया




**लखनऊ (हि.स.)** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर आचार संहिता के उल्लंघन के कारण मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह कार्रवाई लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान हुई। आईपीएल के बयान के अनुसार, बर्गर ने लेवल-1 का अपराध स्वीकार किया, जो अनुच्छेद 2.5 के तहत आता है। यह नियम मैच के दौरान अपमानजनक शब्दों, इशारों या आक्रामक व्यवहार से जुड़ा है। मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है, जिसे खिलाड़ी ने स्वीकार कर लिया।

हालांकि घटना का सटीक समय स्पष्ट नहीं किया गया, लेकिन माना जा रहा है कि मिचेल मार्श को आउट करने के बाद उनकी प्रतिक्रिया आपत्तिजनक पाई गई। मैच में बर्गर ने 4 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट लिए, जिसमें ऋषभ पंत और मार्श के विकेट शामिल रहे।